

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -132 जबलपुर, शुक्रवार 19 जून 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


जनजातीय समाज की जीवन पद्धति मानवता की मार्गदर्शक-सेवा और अध्यात्म के संगम से ही समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन संभव-राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने बैतूल में आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज के सशक्तिकरण कार्यक्रम को किया संबोधित

## विकास और संस्कृति का संतुलन ही सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला-राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु




भोपाल - (आरएनएस)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समाज का सशक्तिकरण केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं होना चाहिए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होता है जब व्यक्ति में आत्म विश्वास, आत्म सम्मान, जागरूकता और दायित्व बोध का विकास हो। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने कहा कि जनजातीय समाज आत्म सम्मान के साथ जीवन जीने वाला समाज है और उसकी यही विशेषता उसे विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जागृति व्यक्ति को अपनी आंतरिक शक्ति का अनुभव कराती है तथा सकारात्मक सोच को जीवन के उच्च आदर्शों से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि विकास और संस्कृति का संतुलन ही किसी भी सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला होता है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु बैतूल में आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रही थी। विकास और संस्कृति का संतुलन ही किसी भी सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला होता है। शाश्वत विकास वही है जो हमारी जड़ों को मजबूत बनाते हुए भविष्य की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करे।

राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मु ने कहा कि भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएंगी। हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत सुरक्षित और अक्षुण्ण रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रकार के सम्मेलन जनजातीय समाज के आध्यात्मिक उत्थान, सामाजिक जागरूकता और समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने मध्यप्रदेश शासन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनजातीय कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में इस बीमारी की संभावना अधिक पायी जाती है और इसके उन्मूलन के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से जनजातीय समाज का स्वास्थ्य स्तर और बेहतर होगा।

राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मू ने कहा कि मध्यप्रदेश का बैतूल जिला अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। यहां के जनजातीय समुदायों ने अपनी परंपराओं, लोकज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखा है। सामूहिकता, सहयोग, सरलता, ईमानदारी और आध्यात्मिकता जैसे उच्च जीवन मूल्यों का जीवंत स्वरूप बैतूल की जनजातीय संस्कृति में दिखाई देता है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लक्ष्य पर केंद्रित इस महासम्मेलन में शामिल होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए ब्रह्मकुमारी संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन केवल बैतूल या मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश और समाज के लिए विशेष महत्व रखता है।

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने ओंकारेश्वर तीर्थ और ज्योतिर्लिंग ममलेश्वर के दर्शन कर किया अभिषेक



भोपाल -राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को म.प्र. यात्रा के पहले दिन तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में ओंकारेश्वर तीर्थ और द्वादश ज्योतिर्लिंग ममलेश्वर के दर्शन कर अभिषेक भी किया। उन्होंने ममलेश्वर और ओंकारेश्वर भगवान के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक ममलेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश से पहले नंदी प्रतिमा पर बेलपत्र अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद मुख्य गर्भगृह में मुख्य पुजारियों द्वारा वैदिक रीति-रिवाज और विशेष मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक और पूजन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने देशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। ओंकारेश्वर तीर्थ के दर्शन के पहले राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

## हिमाचल में दर्दनाक हादसा - मुंडन संस्कार से लौट रही बोलेरो खाई में गिरी, एक ही गांव के 7 लोगों की मौत

चंबा. हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पुखरी क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई. हादसा चंबा-मसरूंड मार्ग पर छतरूंड के समीप उस समय हुआ, जब मुंडन संस्कार में शामिल होकर लौट रहे लोगों से भरी एक बोलेरो गहरी खाई में जा गिरी. जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुई बोलेरो (एचपी-01सी-2581) ग्राम पंचायत कुठेड़ के महल गांव की थी. वाहन में सवार लोग पंचायत के काकड़ोथा गांव में आयोजित मुंडन संस्कार की धाम में शामिल होने गए थे. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी अपने घर लौट रहे थे कि छतरूंड के पास वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो सैकड़ों फीट गहरी खाई में जा गिरी. हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए. दुर्घटना में सात लोगों की जान चली गई. मृतकों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं, जबकि एक अन्य मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है. अधिकांश लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. स्थानीय लोगों ने खाई में उतरकर शवों को बाहर निकाला.

## झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका, क्रॉस वोटिंग के बीच एनडीए समर्थित परिमल नथवानी की जीत



रांची. झारखंड राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने राज्य की राजनीति में नया समीकरण खड़ा कर दिया है. दो सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवानी ने अप्रत्याशित जीत दर्ज कर कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका दिया है, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम दूसरी सीट पर निर्वाचित हुए हैं. चुनाव परिणाम सामने आते ही कांग्रेस खेमे में हलचल बढ़ गई है और पार्टी नेताओं ने क्रॉस वोटिंग की आशंका जताते हुए अपनी ही पंक्तियों में असंतोष और संगठनात्मक चुनौतियों की ओर संकेत किया है. राज्यसभा की दो सीटों के लिए इस बार मुकाबला त्रिकोणीय रहा.

## अमेरिका-ईरान की जंग खत्म- ट्रंप और पेजेशकियान ने समझौता पर किये साइन, अब खुलेगा होर्मुज



वाशिंगटन. (आरएनएस)।

अमेरिका और ईरान के बीच चले आ रहे तनाव को खत्म करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं. ये एक एतिहासिक फैसला है, क्योंकि दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव की वजह से दुनिया भर को आर्थिक नुकसान उठाने पड़ रहे थे.

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते (एमओयू) पर दस्तखत हो गए हैं. अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के दौरान पेरिस के वर्साय पैलेस में इस दस्तावेज पर साइन किए. इसके बाद ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक तरीके से समझौते पर दस्तखत किए. भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5 बजे इसके ऐलान के तुरंत बाद यह समझौता लागू हो गया.

समझौते के तहत ईरान में युद्ध समाप्त होगा और लेबनान में भी संघर्ष खत्म करने की बात कही गई है. साथ ही होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने की बात कही गई है. शांति समझौते पर 19 जून को जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही फ्रांस के ऐतिहासिक वर्साय पैलेस में इस पर दस्तखत कर दिए गए.

होर्मुज जलडमरूमध्य फिर खुलेगा

समझौते का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से कमर्शियल जहाजों के लिए खोलना है. यह जलमार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है. इसके खुलने से वैश्विक तेल और व्यापारिक परिवहन को राहत मिलने की संभावना है.

हालांकि समझौता लागू हो चुका है, लेकिन दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच आगे भी मुलाकाते होती रहेंगी. इन बातचीतों से परमाणु कार्यक्रम, आर्थिक प्रतिबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहमति बनाई जाएगी. विशेषज्ञों का मानें तो यह समझौता भविष्य में स्थायी शांति की नींव बन सकता है.

## मध्यप्रदेश को देश में आईटी और सेवा क्षेत्र का बनायेंगे अग्रणी केंद्र - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल -मध्यप्रदेश को आईटी और सेवा क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये हम प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4 आईटी पार्क उज्जैन, इंदौर-पीथमपुर इकोनामिक कॉरिडोर और निजी क्षेत्र की परियोजनाएं मिलकर एक ऐसा आधुनिक इको सिस्टम तैयार करेगी, जो मध्यप्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपालिटन रीजन इस परिवर्तन का ग्रोथ इंजन बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को इंदौर में निर्माणाधीन आईटी पार्क-3 के निरीक्षण में यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर को हम मध्यप्रदेश की आईटी और सेवा क्षेत्र की विकास राजधानी के रूप में विकसित कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में यहां विकसित होने वाला आईटी पार्कों का समग्र इको सिस्टम प्रदेश को नई आर्थिक गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईटी पार्क प्रदेश को आईटी, ग्लोबल केपीबिलिटी सेंटर और सेवा क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन परियोजनाओं से मध्यप्रदेश में एक सुदृढ़ और भविष्य उन्मुख डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन आईटी पार्क 557 करोड रुपए की लागत से ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह 22 मंजिला भवन 11.25 लाख वर्गफीट के कुल निर्मित क्षेत्रफल के साथ मध्य भारत का सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल आईटी पार्क बनने जा रहा है।

## इंदौर-जोधपुर रणथंभौर एक्सप्रेस से निकला धुआं, यात्री दूसरे ट्रैक पर कूदे, 10 मिनट बाद दूसरी ट्रेन आई



रतलाम. (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के आलोट स्थित लूणी-रीछा स्टेशन के पास गुरुवार की सुबह पौने 10 बजे के आसपास रणथंभौर एक्सप्रेस के जनरल कोच के पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा. ट्रेन इंदौर से जोधपुर जा रही थी. स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही आग लगने की आशंका से यात्री दहशत में आ गए और सामान लेकर पटरियों पर कूद पड़े. घटना का वीडियो भी सामने आया है. रेलवे कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर से स्थिति पर काबू पाया. बताया जाता है कि लूणी-रीछा स्टेशन पर रणथंभौर एक्सप्रेस का आधिकारिक स्टॉपेज नहीं है. अचानक सिग्नल रेड होने पर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए. इस दौरान एक पहिए के हार्ड एक्सल पर ब्रेक शू जाम होकर चिपक गए, जिससे घर्षण होने लगा और धुआं निकलने लगा. ट्रेन करीब 20 मिनट यहीं खड़ी रही. बता दें, 14 जून को मुरैना ट्रेन हादसे में आग लगने की अफवाह के कारण इसी तरह यात्री पटरियों पर उतर गए थे. हादसे में 4 की दूसरी ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी.

रेत कारोबार और वर्चस्व की लड़ाई बना खूनी संघर्ष का कारण

## छत्तीसगढ़ में भाजपा नेता समेत तीन को जलाकर मार डाला



बैकुंठपुर (आरएनएस)। कोरिया जिले के सोनहत में रेत कारोबार और इलाके में वर्चस्व की लड़ाई ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। सोमवार 16 जून की रात ग्राम नवगई में भाजपा नेता मनोज त्रिपाठी और उसके रिश्तेदारों व ग्रामीणों ने सोनहत के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भाजपा नेता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह,उनके नजदीकी बिरेंद्र सिंह और रिश्तेदार शिक्षक नागेंद्र सिंह समेत पांच लोगों को फॉर्च्यूनर में जला दिया।वारदात में लल्ला सिंह, नागेंद्र सिंह और बिरेंद्र सिंह की मौत हो गई। इसी परिवार के मयंक सिंह और योगेंद्र सिंह को रायपुर में शिफ्ट किया गया है। वारदात में शामिल चार आरोपितों को हिरासत में लिया गया है।

मृतक लल्ला सिंह सोनहत जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष थे। बैकुंठपुर महलपारा में भी उनका मकान है। उनका पुराना मकान सोनहत क्षेत्र के कटगोड़ी से लगे नवगई में हैं। क्षेत्र में बड़े ठेकेदार और क्रशर कारोबारी के रूप में उनका दबदबा था। हाल ही में उनके भतीजे के नाम पर रेत का ठेका मिला था। वहीं गांव के ही दूसरे भाजपा नेता मनोज त्रिपाठी के डंपरों से रेत का परिवहन होता था। रेत घाट पर कब्जे, अवैध खनन और कमीशन की हिस्सेदारी को लेकर दोनों पक्षों में महीनों से वर्चस्व की जंग चल रही थी। पहले भी दोनों पक्षों में झड़प हुई थी और थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रेत के इस कारोबार में कौन बड़ा बनेगा, इसी वर्चस्व की लड़ाई ने आखिरकार तीन जिंदगियां लील लीं। 16 जून की रात लल्ला सिंह रिशरेदारो और परिचितों के साथ तीन गाड़ियों में गांव जा रहे थे। वर्चस्व साबित करने के लिए दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। त्रिपाठी परिवार ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर लल्ला सिंह की फॉर्च्यूनर को घेर लिया।

## ओम प्रकाश राजभर बोले- सपा में अब बगावत तय, जमीन पूरी तरह तैयार हो चुकी है, बताया किस जिले का नेता संभालेगा बागियों की कमान



लखनऊ।(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) में बड़ी टूट होने के अपने दावे को एक बार फिर दोहराया है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए राजभर ने कहा कि सपा में टूट होना अब तय है और इसके लिए जमीन पूरी तरह तैयार हो चुकी है।

अपने पोस्ट में राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी में संभावित टूट की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी, लेकिन हाल ही में हुई एक घटना ने इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 17 जून को सपा कार्यालय में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान ब्राह्मण समाज का अपमान किया गया, जिससे पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता नाराज हैं।

अब टूट को टालना मुश्किल है

राजभर के मुताबिक, इस घटना से बलिया क्षेत्र से जुड़े सपा के सांसद और वरिष्ठ नेता विशेष रूप से आहत हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि इसी के बाद पार्टी के भीतर बगावत की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया और अब टूट को टालना मुश्किल है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके परिवार पर निशाना साधते हुए राजभर ने कहा कि राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आते ही पूरा सैफई परिवार सफाई देने और विरोधियों पर हमला करने में जुट गया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव को अब सोशल मीडिया और प्रेस कॉन्फ्रेंस की राजनीति छोड़कर 'सांसद बचाओ अभियान' शुरू कर देना चाहिए।

एक दिन पहले भी किया था बड़ा दावा

गौरतलब है कि 17 जून को भी ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होने का दावा किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा था कि इस संबंध में सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। राजभर के इस दावे के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई थी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव ने भी उनके आरोपों पर पलटवार किया था।

## दमोह का युवक गुजरात की प्रेमिका की याद में 200 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा, शादी कराने की जिद पर अड़ा

दमोह।(आरएनएस)। एमपी के दमोह जिले के रजपुरा थाना अंतर्गत आने वाले सगोनी गांव में रहने वाला 18 वर्षीय युवक गुजरात की एक नाबालिक लड़की से प्रेम करता है और वह उससे शादी करना चाहता है। इसी बात को लेकर गुरुवार 18 जून की सुबह 6 बजे वह 200 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। तहसीलदार मौके पर पहुंचे। पुलिस और जिला प्रशासन की समझाइश इस पर युवक तीन घंटे बाद नीचे उतरा।इसके बाद पुलिस ने उसे समझाया कि लड़की नाबालिग है। बालिग हो जाएंगे तब शादी कर दी जाएगी पुलिस बोली कि दोनों बालिग हो जाएंगे। तब उनकी शादी कर दी जाएगी। इस नजारे को देखने के लिए



सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण टावर के आसपास मौजूद रहे जिससे काफी देर यहां हड़कंप के हालात बने रहे।

युवक की पहचान सगोनी गांव में रहने वाले 18 वर्षीय प्रकाश पिता रमेश बरेला के रूप में हुई है। यह अपने परिजनों के साथ गुजरात में काम करने गया था।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।। थाना मदनमहल में सुबह लगभग 4 बजे ध्रुव मिश्रा उम्र 28 वर्ष निवासी गौतम बुद्ध कालोनी कोतवाली जिला सिंगरोली वर्तमान पता गेट नम्बर 4 साई मंदिर के पीछे मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वकालत करता है आज रात लगभग 1-30 बजे वह अपनी रिनाल्ड क्रिड कार क्रमांक एपमी 66 सी 3898 से अपने भाई आरूल्य मिश्रा के साथ तीन पत्ती की ओर से अपने कमरे गेट नम्बर 4 जा रहे थे जैसे ही हम लोग गेट नम्बर 4 चौराहा मदनमहल पहुँचे तभी गेट नम्बर 4 की तरफसे आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 7493 का चालक आशीष श्रीवास्तव अपनी कार को तेज गति लापरवाही

**विभागीय प्रमुखों और जोनल अधिकारियों को फील्ड पर रहकर कार्य करने दिए निर्देश**

# निगमायुक्त ने की सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा

**आवेदनों का निराकरण संतुष्टि और गुणवत्ता के साथ हो-निगमायुक्त-लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज आम नागरिकों के आवेदनों एवं विषयों पर त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण निवारण हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जन-समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

समीक्षा बैठक में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी विभागीय प्रमुखों कार्यपालन यंत्रियों और जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल कार्यालयीन स्तर पर समीक्षा न करें, बल्कि स्वयं फील्ड पर रहकर कार्यों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि जब जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे, तो कार्य में पारदर्शिता आएगी और जन-समस्याओं का व्यावहारिक व स्थाई समाधान संभव हो सकेगा। लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी शिकायत को आवेदक की संतुष्टि और कार्य की गुणवत्ता अनिवार्य रूप से परिलक्षित होनी चाहिए। निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सीवरेज, और स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों को पूरी तकनीकी सटीकता के साथ हल किया जाए ताकि नागरिकों को दोबारा परेशानी न हो।?निगमायुक्त ने विभिन्न विभागों में एल-1, एल-2, एल-3 और एल-4 स्तर पर लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर वैध शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने सचेत किया कि समयावधि बीतने के बाद बिना किसी ठोस कारण के लंबित रहने वाले प्रकरणों पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी और उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण प्रणाली है। हमारा उद्देश्य जबलपुर के नागरिकों को एक उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान करना है। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री,सभी विभागों के कार्यपालन यंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी, और समस्त जोनल अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मप्र लोक सेवा की मुख्य परीक्षा 2025 का रास्ता साफ़ स्टे हटा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा के रिजल्ट की वर्गवार कटआफ अंक जारी नहीं करने तथा आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यार्थीयो को अनारक्षित पदों के विरूद्ध चयनित नही किए जाने एवं वे अभ्यर्थी जिन्होंने आयु सीमा आदि में छूट ली है उनको अनारक्षित वर्ग में माइग्रेशन नहीं किए जाने से संबंधित नियमो की संवैधानिकता को याचिका क्रमांक ङ्कक्क09253/25 तथा ङ्कक्क011444/2025 के माध्यम से आर.पी.एस. ला एसोसिएट के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनोती दी गई थी 7 उक्त याचिकाओ में हाईकोर्ट ने अंतरिम 25.3.25 तथा 02.04.2025 को मुख्य परीक्षा आयोजित करने पर रोक लगा दी गई थी 7 उक्त याचिकाओ में लोक सेवा आयोग द्वारा याचिका में उठाए गए मुद्दों पर जबाव दिए बिना ही हाईकोर्ट में बंद लोफाफे में वर्ग वार कट आफ अंक की लिस्ट प्रस्तुत की गई थी तथा स्थगन आदेश रिक्त कराने हेतु दिनांक 27/7/25 को आवेदन दाखिल किया गया था, जिसे हाईकोर्ट ने सुनवाई करने से साफ़ इनकार करते हुए याचिका में उठाए गए मुद्दों का राज्य सरकार को बिन्दुबार जबाब दाखिल करने के निर्देश दिए गए थे, तब राज्य शासन तथा आयोग द्वारा जबाब दाखिल किया गया जिसे हाईकोर्ट ने आगामी सुनवाईयो में याचिका कर्ताओ के अधिवक्ताओ ने कोर्ट को उक्त जबाब को आधा अधूरा बताया गया क्युकी याचिका में उठाए गए मुद्दों पर राज्य शासन तथा आयोग ने समुचित बिन्दुबार तथा तार्किक जबाब दाखिल नही किया गया है जिसके कारण याचिका की अंतिम सुनवाई संभव नहीं हो सकी 7

उक्त याचिकाए दिनांक 16.6.26 को कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति की डिविजन बैंच में सूचिवद्ध हुई थी, जिसे हाईकोर्ट की डिविजन बैंच द्वारा दिनांक 18/6/26/ को फायनल बहस हेतु सूचिवद्ध करने का आदेश पारित किया गया था 7 उक्त दोनों मामले आज दिनांक 18.6.26 को सीरियल क्रमांक 49 पर सूचिवद्ध थे लेकिन 4;30 बजे तक सुनवाई हेतु नंबर नहीं आया, तब याचिका कर्ताओ के अधिवक्ताओ ने स्वंम कोर्ट उठते समय निवेदन किया की उक्त मामलो में पारित अंतरिम आदेश रिक्त /निरस्त कर दिया जाए ताकी मुख्य परीक्षा आयोजित हो सके एवं याचिका में उठाए गए अन्य बिधिक मुद्दों पर सुनवाई प्रथक से किसी अन्य दिनांक को कर ली जाए 7 हाईकोर्ट ने याचिका कर्ताओ के अधिवक्ताओ के उक्त अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए लोक सेवा आयोग के अधिवक्ता को बुलाकर परीक्षा आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए तथा उक्त याचिकाओ की आगामी सुनवाई दिनांक 17/07/2026 नियत की गई है 7 याचिका कर्ताओ की और से वरि. अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह तथा पुष्पेन्द्र कुमार शाह पैरवी कर रहे है लोक सेवा आयोग की और से पराग तिवारी पैरवी कर रहे है 7

## नीट परीक्षार्थियों के लिए इंदौर से भोपाल (वाया रतलाम) तथा भोपाल से रतलाम चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे द्वारा यात्रियों और विशेषकर नीट परीक्षा के परीक्षार्थियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे द्वारा संचालित गाड़ी संख्या 09354 इंदौर से भोपाल (वाया रतलाम) एवं गाड़ी संख्या 09353 भोपाल से रतलाम स्पेशल ट्रेन 20 जून 2026 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन में स्लीपर क्लास के 13 कोच, सामान्य श्रेणी के 02 कोच और एसएलआर/डी के 02 कोच सहित कुल 17 कोच शामिल होंगे। इस स्पेशल ट्रेन से इंदौर, भोपाल और रतलाम के बीच यात्रा करने वाले परीक्षार्थियों एवं यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। स्पेशल ट्रेनोंकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार है-

इंदौर - भोपाल (वाया रतलाम) स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 09354 इंदौर से भोपाल स्पेशल ट्रेन 20 जून 2026 को इंदौर स्टेशन से सुबह 11:25 बजे प्रस्थान कर फतेहाबाद चंद्रावतीगंज जंक्शन दोपहर 12:00 बजे, बड़नगर 12:42 बजे, रतलाम 13:30 बजे, नागदा 14:23 बजे, उज्जैन 15:25 बजे, मक्सी 16:30 बजे, शुजालपुर 17:21 बजे सीहोर 18:00 बजे, संत हिरदाराम नगर 18:38 बजे पहुंचकर और उसी दिन शाम को 19:00 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी।

भोपाल - रतलाम स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 09353 भोपाल से रतलाम स्पेशल ट्रेन 20 जून 2026 को भोपाल स्टेशन से शाम 19:40 बजे प्रस्थान कर संत हिरदाराम नगर रात 20:08 बजे, सीहोर 20:34 बजे, शुजालपुर रात 20:59 बजे, मक्सी 21:59 बजे, उज्जैन 23:05 बजे एवं अगले दिन नागदा मध्यरात्रि 00:05 बजे पहुंचकर और रतलाम 00:55 बजे पहुंचेगी।



## रक्तदाताओं का सम्मान समारोह

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शतकवीर रक्तदाताओं, रक्तवीरांगनाओं और रक्तवीरों का मानस भवन में भव्य भावमय सम्मान किया गया। कार्यक्रम महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू के मुख्य आतिथ्य तथा मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण समिति के उप महाप्रबंधक मंजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आयोजक धर्मार्थ संस्था इंश्योर हेल्थ फाउंडेशन और बंसल ब्लड सेंटर थे।सौ से अधिक रक्तदान करने वाले सरबजीत सिंह नारंग, किशोर थारवानी, विकास खंडेलवाल, शैलेश जैन, जतिन गिरधर , हरदीप सिंह जगदेव, निखिल कनोजिया, देव पटेल और राजेश बचवानी का विशेष सम्मान किया गया। श्रेया खंडेलवाल ने रक्तदान, थैलेसीमिया तथा सिकल सेल पर विस्तृत विवेचना प्रस्तुत की। इसमें स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता एवं विवाह के पूर्व एच बी ए 2 जांच की अनिवार्यता पर ज़ोर दिया।150 से अधिक महिला व पुरुष रक्तदाताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी, डॉ हरजीत कौर, डॉ अमरदीप सिंह बंसल, डॉ अमिता जैन, डॉ सिंघई, तरसेम कौर, सुनीता बंसल, गुणिता कौर, रतनदीप सिंह बंसल, अनिरुद्ध चौबे, सुनीता पारियानी, शैलेन्द्र कुशवाहा, राहुल तिवारी, नीलेश गुप्ता,महेंद्र जैन, धर्मेंद्र जैन, रूपाली सिंघई, नेहा शर्मा,कौशल दीक्षित, इलुविंदर सिंह छाबड़ा, सुधीर रैकवार, कपिल थदानी, मोहित संघी,नवीन जेठानी, पंकज खरे आदि के साथ बड़ी संख्या में डॉक्टर, नर्स, पैथोलॉजी तकनीशियन और समाजसेवी उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम-आओ हम सब पेड़ लगाए-वातावरण को स्वच्छ बनाएं





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पर्यावरण हमारे जीवन के अमूल धरोहर है पेड़ लगाने से मौसम में ठंडाक प्रदान करने के लिए छांव देता है आक्सीजन प्रदान करता है पेड़ हमें हमारे जन्मदिन सालगिरह और विशेष अवसर पर लगाना चाहिए शाक्तिनगर शाखा ने स्वस्थता को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण का कार्य किया जिसमें परिषद की सभी बहनों ने मिलकर के पास* एक उद्यान में पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिये आने वाली नई पीढी एवं बच्चो के अच्छे स्वास्थ्य के लिए औषधि के फल के एवं फूलों के पेड़ लगाए एवं उन पेड़ों को समय-समय पर पानी देना एवं उनकी उचित देखभाल करने का सभी ने संकल्प लिया एवं पर्यावरण से संबंधित एक सेमिनार अध्यक्ष श्रीमती विनीता जी के निवास स्थान पर किया गया ,जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये, और सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पेड़ पौधों की कटाई , से होने वाले नुकसान ,से सभी को कैसे बचाएं इस पर विचार व्यक्त किये वृक्षारोपण का कार्यक्रम नेशनल कॉलोनी रामपुर में नव- निर्मित (नेशनल गार्डन) मे किया गया कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महिला परिषद की भूतपूर्व अध्यक्ष- प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष एवं केंद्रीय चेयरपर्सन श्रीमती सीमा शक्ति जी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती वैशाली जी अध्यक्ष विनीता जी सचिव शिखा जी, , निधि जी *स्मृति,हेमा, प्रीति , नीलिमा भाभी दीप्ति , अपर्णा ,राजेश्वरी , आकांक्षा , सुनीता मोनिका सभी का सहयोग प्राप्त रहा अध्यक्ष विनीता जैन सचिव शिखा जैन कोषाध्यक्ष मंजू जैन

## श्री श्री 1008 परमहंस सदगुरु दादा ठन ठन पाल दरबार, गौरी मंदिर, ग्राम सलेया ( बड़ई ), कुंडम, जबलपुर में

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तथा श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 21 जून से 27 जून 2026 तक किया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। सात दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन, मूर्ति अधिवास, मूर्ति नगर भ्रमण, संत पूजन एवं वैदिक विधि-विधान संपन्न किए जाएंगे। 27 जून को प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, गऊ पूजन एवं महाभंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। आयोजन पूज्य हरिओम बाबा जी एवं साध्वी गौरी जी के सान्निध्य में संपन्न होगा। यज्ञाचार्य पं. रवेंद्र पाठक (अर्जुन महाराज) रहेंगे। कार्यक्रम में श्री अभिषेक जैन (सी.पी.जे. कॉलेज), श्री अमित गर्ग, श्री गिरीश चंद चंडोक एवं श्री इंद्र मलिक विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आयोजन समिति ने समस्त



धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा, हवन-पूजन एवं महाभंडारे में सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। स्थान = श्री श्री 1008 परमहंस सदगुरु दादा ठन ठन पाल दरबार, गौरी मंदिर, ग्राम सलेया (बड़ई), कुंडम,

## रेलवे द्वारा राख की ढुलाई के लिए हरित पहल

जबलपुर। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में रेल नेटवर्क के माध्यम से राख की ढुलाई का बड़े पैमाने पर परिवहन को सक्षम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल पर चर्चा की गई। उद्देश्य सरल लेकिन परिवर्तनकारी है: राख की ढुलाई को बिजली संयंत्रों से उद्योगों तक कुशलतापूर्वक पहुँचाना, जहाँ इसका उपयोग सड़कों के निर्माण, ईंटों के उत्पादन, सीमेंट उत्पादन और देश भर में अवसंरचना विकास में किया जा सकता है। बैठक में रेल राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना और श्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे।

थर्मल पावर प्लांटों से प्रतिवर्ष लगभग 340 करोड़ टन उड़ने वाली राख उत्पन्न होती है। दशकों से यह भारी राख चिमनियों के आसपास जमा रहती थी। अब भारतीय रेलवे एक हरित पहल के माध्यम से इसे बदल रहा है, जिसके अंतर्गत विशेष कंटेनरों और रेल गलियारों का एक समर्पित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क बनाया जा रहा है। यह नेटवर्क अपशिष्ट पदार्थ को उसके उत्पादन स्थल से उसके आवश्यक स्थल तक पहुंचाएगा।इस पहल की खूबसूरती इसकी सादगी में निहित है: बिजली संयंत्र जो कचरा फेंकता है, सीमेंट संयंत्र उसे सहेज कर रखता है। राख को सही ढंग से स्थानांतरित और उपयोग करने से सीमेंट, कंक्रीट, ब्लॉक और बोर्ड बनाने का कच्चा माल प्राप्त होता है। सस्ती राख का मतलब है सस्ती ईंटें, सीमेंट की कम कीमतें और अंतत: शहरी और ग्रामीण भारत में आवास की सुलभता में वृद्धि। रेलगाड़ियों और विशेष रूप से निर्मित लॉजिस्टिक्स प्रणालियों के भीतर समाहित, उड़ने वाली राख की ढुलाई उचित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजी जाती है, और एक प्रदूषक के रूप में नहीं बल्कि भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में एक उत्पादक भागीदार के रूप में पहुंचती है। मूल रूप से, यही एक चक्रीय अर्थव्यवस्था का मूल सिद्धांत है, जहां अपशिष्ट धन बन जाता है और बोझ ही निर्माण खंड बन जाता है।

## कांग्रेस द्वारा पोल खोल हल्ला बोल अभियान के तहत विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया गया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव जी के निर्देशानुसार एवं जिला किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परमलाल अहिवासी जी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलखेड़ा अध्यक्ष दुर्जन पटेल जी के संयोजन में ग्राम सुनाचर में पोल खोल हल्ला बोल अभियान के तहत विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया गया। गांव गांव बिक रही अवैध शराब, किसानों को छ्वक्क डीजल की समस्या, अवैध उत्खनन, गांव गांव हो जुआ सट्टा, बिजली कटौती जैसे विभिन्न बिन्दु शामिल है, जिसमें मंडलम अध्यक्ष सक्षम ढिमोले, ऋषि पचौरी, राकेश पटेल, देवेंद्र सिंह बिंदु भैया, विनोद नायक, रविन्द्र बर्मन, पुलंदर सिंह, प्रेम पटेल, ममनकू दादा, होरीलाल पटेल, चेनु पटेल, द्वारका मंझल सहित सभी ग्रामीण जन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही..!!

## केन्ट बोर्ड में पार्षद चुनाव कराने गृह मंत्री व रक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर केन्ट सहित प्रदेश की सभी छावनियों में निर्वाचित पार्षदों के नहीं रहने से जन समस्याओं का अम्बार लगा है. जबलपुर केन्ट में हालात कुछ ज्यादा ही खराब है. यहाँ भीषण गर्मी में कई इलाकों में पेयजल का संकटलोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है. साफ सफाई के नाम पल औपचारिकता निभाई जा रही है. एक तरह मच्छरों के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआ है वहीं आवारा श्वानों ने लोगों का जीना हराम कर रखा है. मनमानी टैक्स दरों से व्यापारिक व आम नागरिकों में रौनक व्याप्त है. लेकिन जनता की गुहार सुनने वाला कोई नहीं है. ऐसे में मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की मांग है कि जबलपुर सहित सूबे की सभी छावनियों में जल्द पार्षद चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी की जाए. संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी, एड भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, एड आशीष त्रिपाठी,डा आशीष डेंगरा,एड. रोशन मंध्यानी , डॉ. अशोक मैठवानी, आदि ने केन्द्रीय गृह मंत्री व रक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर उन्हें जन समस्याओं से अवगत कराया और जल्द ही पार्षद चुनाव कराए जाने की मांग की है.

## रेल सुरक्षा बल ने विभिन्न ऑपरेशन चलाकर किये सराहनीय कार्य

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में रेल सुरक्षा बल के द्वारा अलग-अलग अभियान चलाकर यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 01 जनवरी 2026 से 31 मई 2026 तक रेल सुरक्षा बल द्वार चलाये गये ऑपरेशन के तहत किये गए सराहनीय कार्य इस प्रकार हैं :- ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते:- 376 बिछड़े/घर से भागे/अपहृत बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों/चाइल्ड लाइन आदि को सुपुर्द किया गया। ऑपरेशन अमानत:- 293 यात्रियों को उनका छूटा/खोया सामान जिसकी अनुमानित कीमत ?92,49,829 है, सुरक्षित वापस किया गया। ऑपरेशन जीवन रक्षा:- 16 यात्रियों/व्यक्तियों को बचाते हुए उनके जीवन को सुरक्षित किया गया। ऑपरेशन मेरी सहेली:- महिला सुरक्षा के तहत प्रतिदिन औसतन 72 ट्रेनों में महिला आरपीएफ स्टाफ द्वारा महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई। ऑपरेशन उपलब्ध:- ई-रेल टिकटों की अवैध बिक्री करने वालों पर 15 प्रकरण दर्ज कर 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा ?13,56,752 मूल्य के 930 ई-टिकट जब्त किए गए। अनाधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई:- 4738 अनाधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई कर ?43,24,855 जुर्माना वसूला गया। रेल संपत्ति चोरी के मामले:- 328 प्रकरणों में 635 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर ?23,09,471 मूल्य की रेल संपत्ति बरामद की गई। यात्री सामान चोरी:- 112 आरोपियों को पकड़कर 109 प्रकरणों का खुलासा किया गया। ऑपरेशन समय पालन (अलार्म चैन पुलिंग):- 2120 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर ?7,89,365 जुर्माना वसूला गया। ऑपरेशन नारकोस:- 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 9 प्रकरण दर्ज किए गए तथा ?29,05,430 मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए गए। साइबर सेल (छ्वश्वढ्ढक्रपोर्टल):- 28 मोबाइल फोन ब्लॉक किए गए तथा 8 मोबाइल फोन बरामद कर यात्रियों को लौटाए गए। रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, रेल संपत्ति की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण हेतु विशेष अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

**जस्टिस सिद्दीकी फाउंडेशन देगा फ्री कोचिंग**

## जामिया, एएमयू व मॉडल में प्रवेश के लिए करें तैयारी

जबलपुर. जस्टिस सिद्दिकी फाउंडेशन जबलपुर द्वारा शैक्षणिक वर्ष जुलाई 2026 से कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु बिल्कुल मुफ्त कोचिंग प्रारंभ की जा रही है. यह कोचिंग मॉडल स्कूल जबलपुर, अलीगढ़ तथा जामिया दिल्ली में प्रवेश की तैयारी के लिए संचालित होगी.इस कोचिंग में वही छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हैं. प्रवेश प्रक्रिया पूर्णत: निशुल्क रहेगी. फाउंडेशन के फाउंडर सेक्रेटरी एसए सिद्दीकी ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित है. इच्छुक छात्र छात्राएँ जबलपुर में हुसैनिया स्कूल, बहोराबाग और जस्टिस सिद्दिकी फाउंडेशन के हेड ऑफिस, 78 मॉडल टाउन कॉलोनी, बिलहरी से फार्म प्राप्त कर सकते हैं.



भोपाल -पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि हमारे अधिकारी निरंतर भारी दबाव में जनसेवा का कार्य करते हैं, इसलिए उनकी भलाई और मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री श्री पटेल श्रम विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित %उच्च-तनाव वाली लोक सेवा भूमिकाओं में बर्नआउट की रोकथाम% विषय पर एक विशेष ऑनलाइन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कार्यस्थल पर तनाव से जुड़े फीडबैक तंत्र को लागू कर विभागीय टीमों की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मध्य प्रदेश दौरा, सीएम मोहन यादव बोले- यह हमारे लिए गर्व की बात



भोपाल (आरएनएस) मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राज्य में स्वागत किया और उनकी यात्रा को मध्य प्रदेश की जनता और सरकार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बताया। इंदौर एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि उन्होंने गवर्नर मंगूभाई पटेल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और अन्य जन-प्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रपति मुर्मू का उनके आगमन पर स्वागत किया। यादव ने कहा कि हम मध्य प्रदेश में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते हैं। मध्य प्रदेश के गवर्नर मंगूभाई पटेल, हमारे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और अन्य विधायकों के साथ हमने राज्य में राष्ट्रपति का स्वागत किया। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री और अन्य लोग हमारी सरकार की पहलों में शामिल होते हैं, जिससे हमें बहुत गर्व महसूस होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि राष्ट्रपति राज्य के दौरे के दौरान चीता पुनर्वास कार्यक्रम की प्रगति देखेंगी।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चीता प्रोजेक्ट की सफलता देखने के लिए यहां आ रही हैं। वह सिकल सेल बीमारी और एनीमिया की चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार की रणनीति की रूपरेखा तैयार करने से जुड़े एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से, मैं राष्ट्रपति मुर्मू का हार्दिक स्वागत करता हूं और उम्मीद करता हूं कि उनका दौरा हम सभी के लिए उत्साह और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। राष्ट्रपति मुर्मू 18 जून से 22 जून तक मध्य प्रदेश और ओडिशा के दौरे पर हैं।

19 जून को, राष्ट्रपति मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस समारोह में भाग लेंगी। उसी दिन, वह एम्स भुवनेश्वर द्वारा आयोजित एक मेडिकल कैंप और ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी, जिनमें कुसुमी ब्लॉक में खनन से प्रभावित गांवों के लिए एक बड़ी एकीकृत ग्रामीण पाइप-आधारित जलापूर्ति योजना, ब्रह्माकुमारी का मातृशक्ति भवन, और रायरंगपुर में एक विशेष सर्किट हाउस और पुलिस सुविधा शामिल हैं। 20 जून को, राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहाड़पुर में विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे, जिनमें एक स्कूल और कौशल केंद्र शामिल है, जहां वे लाभार्थियों और बच्चों से बातचीत करेंगे। बाद में वे रायरंगपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। 21 जून को राष्ट्रपति जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेंगी और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

**राष्ट्रपति ने जनजातीय महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रशंसा की**

## नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने सभी की सहभागिता जरूरी- राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु



भोपाल (आरएनएस)-राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश भ्रमण के पहले दिन गुरुवार को बैतूल में आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन में विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टॉल का अवलोकन कर जनजातीय समुदाय की महिलाओं के द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों की प्रशंसा की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बैतूल में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बैतूल जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाएं सतपुडांचल प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से रागी, कोदो, कुटकी ज्वार एवं बाजरा जैसे पोषक तत्वों से भरपूर श्रीअन्न से बने कुकीज, पास्ता, नूडल्स, इंस्टेंट इडली डोसा, मिक्स दलिया तथा अन्य स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों का निर्माण कर रही है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग श्री दुर्गादास उईके, प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी अवलोकन के दौरान उपस्थित रहे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने वोकल फॉर लोकल, लखपति दीदी एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में विभिन्न स्व-सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उत्पादों के निर्माण से महिलाओं की आय में वृद्धि हो रही है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुए महिलाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महती जिम्मेदारी निभा रही हैं। प्रदर्शनी में सतपुडांचल प्रोड्यूसर कंपनी में 175 स्व-सहायता समूह के 2075 समूह विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने विशेष रूप से श्री अन्न से बने व्यंजनों की पोषण प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# करणी सेना द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, जयकारों से गूंजा पूरा शहर



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मातृभूमि की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर आज करणी सेना जबलपुर द्वारा एक विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा (शौर्य यात्रा) का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली आयोजन में सर्व समाज के हजारों लोगों ने उपस्थित होकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर करणी सेना के अध्यक्ष भानु चौहान ने संबोधित करते हुए कहा हमें महाराणा प्रताप के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए करणी सेना के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह (मिक्की) ने संबोधित करते हुए कहा, महाराणा प्रताप किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं और उनका संघर्षमय जीवन आज भी हमें देश सेवा की प्रेरणा देता है। करणी सेना के सचिव राम सिंह राजपूत (रोमी) ने संबोधित करते हुए कहा स्वाभिमान से बड़ा कोई धन नहीं है और मातृभूमि व धर्म की रक्षा से बड़ा कोई कर्तव्य नहीं है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सर्व समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। करणी सेना के पदाधिकारियों ने इस भव्य शौर्य यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस बल और सर्व समाज के सभी नागरिकों का सहृदय आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमर, सागर, रूपेश, दिनेश, वासु, हर्षित, ध्रुव, जय, शिवम, प्रशांत, नवल, चंदन, शेखर, मुनमुन, सनी, आदित्य, कृष्णा, राहुल, सतीस, सोनू, आदर्श, आदि लोग उपस्थित रहे

**मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर इंदौर में किया माल्यार्पण**

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान मातृभूमि सम्मान और स्वतंत्रता के लिये हर भारतीय को सदैव करता रहेगा प्रेरित -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का अद्वितीय साहस, अमर शौर्य और अदम्य राष्ट्रप्रेम संपूर्ण देश के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। उनका बलिदान मातृभूमि के सम्मान और स्वतंत्रता के लिये सदैव हर भारतीय को प्रेरित करता रहेगा। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अल्पायु में मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को इंदौर में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर इंदौर में ऐतिहासिक किला मैदान स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को सहेजने तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। इंदौर का यह ऐतिहासिक किला मैदान क्षेत्र भी हमारी ऐतिहासिक धरोहरों और महान वीरों की स्मृतियों का साक्षी है। इस अवसर पर नगरीय विकास प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री



शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री सुमित मिश्रा, श्री सुदर्शन गुप्ता, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

**प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY) कार्यक्रम**

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जबलपुर द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना कार्यक्रम 19 को



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY), जिसे पूर्व में Employment Linked Incentive (ELI) Scheme कहा जाता था, लागू की है। इस योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन को बढ़ावा देना, युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाना और सभी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है, विशेषरूप से विनिर्माण क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए। योजना के तहत, पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (अधिकतम 15,000/- रुपये) देय है, जबकि नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजित करने के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, और विनिर्माण क्षेत्र मे रोजगार सृजन के लिए अतिरिक्त दो साल तक के लिए योजना के लाभ प्राप्त होंगे। कुल ?99,446 करोड़ के व्यय के साथ, पीएमवीबीआरवाई का लक्ष्य अगले दो सालों में देश भर में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों का सृजन करना है। इनमें से लगभग 1.92 करोड़ लाभार्थियों के पहली बार कार्यबल में शामिल होने की उम्मीद है। इस योजना के तहत लाभ 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नये रोजगार पर लागू होंगे।

# केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड निवेशकों को शिक्षित करने के लिए मध्य प्रदेश में निवेश बस यात्रा लेकर आई

**केनरा रोबेको एएमसी की निवेशक शिक्षा बस निवेशकों को म्यूचुअल फंड के बारे में शिक्षित करने के लिए मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों का दौरा करेगी और इस गतिविधि का समापन ग्वालियर में होगा**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** भारत के दूसरे सबसे पुराने म्यूचुअल फंड, केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के निवेश प्रबंधक), मध्य प्रदेश में म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में जागरूकता पैदा करने और राज्य भर के निवेशकों को शिक्षित करने के लिए निवेश बस यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह बस यात्रा इंदौर से शुरू होगी और इसके बाद उज्?जैन, देवास, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर पहुंचेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों को निवेश से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला ने कहा, आज के बदलते वित्तीय परिदृश्य में, ज्ञान उतना ही शक्तिशाली है जितना कि समझ। एक



जानकार निवेशक न केवल अपने लिए बेहतर निर्णय लेता है बल्कि एक मजबूत वित्तीय इकोसिस्टम में भी योगदान देता है। हम निवेश के ज्ञान को सरल, सुलभ और व्यावहारिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निवेश बस यात्रा का उद्देश्य वित्तीय शिक्षा को सीधे समुदायों तक पहुँचाना है। केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, गोवा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू जैसे राज्यों में पहले ही पहुँचने के बाद, अब हम इसे मध्य प्रदेश ले जा रहे हैं ताकि कई शहरों में निवासियों के साथ जुड़ सकें, निवेश की अवधारणाओं को सरल बना सकें, आम मिथकों को दूर कर सकें और दीर्घकालिक वित्तीय योजना को बढ़ावा दे सकें। निवेश बस यात्रा राज्य भर के प्रमुख स्थानों पर निवासियों के साथ जुड़ेगी, उन्हें निवेश के बारे में आसानी से समझ में आने वाली जानकारी प्रदान करेगी। इंटरैक्टिव सत्रों और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से, इस पहल का उद्देश्य निवेश की अवधारणाओं को सरल बनाना और वित्तीय निर्णय लेने के लाभों को समझाना है। केनरा रोबेको एएमसी के हेड- सेल्स एंड मार्केटिंग गौरव गोयल ने कहा, हम वित्तीय ज्ञान को व्यावहारिक और सुलभ बनाकर निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह निवेश बस यात्रा ज़मीन पर हमारी प्रतिबद्धता का ही एक विस्तार है, जो सीधे समुदायों को जोड़ती है और निवेशकों से उनके अपने माहौल में मिलती है। सीधे जुड़कर, हमारा उद्देश्य व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना, आम गलतफहमियों को दूर करना और निवेशकों के बीच दीर्घकालिक निवेश की सोच को बढ़ावा देना है।

## जीवन बीमा देता है दीर्घकालिक मूल्य, इसके लाभ सामयिक चिंताओं की तुलना में कहीं अधिक बड़े हैं

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जीवन बीमा उद्योग जीवन बीमा की अधिक संतुलित समझ की आवश्यकता पर प्रकाश डाल रहा है। उद्योग का जोर इस बात पर है कि इसके वित्तीय सुरक्षा, संरक्षा और अनुशासित बचत जैसे दीर्घकालिक लाभ उन छिटपुट चिंताओं की तुलना में कहीं अधिक बड़े हैं जो कभी-कभी सामने आती हैं, जिनमें मिस-सेलिंग यानी गलत तरीके से पॉलिसी बेचने के मामले भी शामिल हैं। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी - लाइफ इंश्योरेंस ग्राहकों और हितधारकों को प्रोत्साहित करती है कि वे जीवन बीमा को तत्काल या अल्पकालिक परिणामों के चश्मे से देखने के बजाय एक दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा उपकरण के रूप में देखें। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के अध्यक्ष कमलेश राव ने कहा, जीवन बीमा को समय के साथ मूल्य प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है—वित्तीय सुरक्षा, परिवारों के लिए संरक्षण और अनुशासित बचत के माध्यम से। हालांकि मिस-सेलिंग जैसी चिंताएं मौजूद हैं और उद्योग द्वारा इनका समाधान किया जाना आवश्यक है, लेकिन वे पूरे इकोसिस्टम का एक बहुत छोटा हिस्सा हैं, जो लाखों पॉलिसीधारकों को महत्वपूर्ण मूल्य देना जारी रखे हुए है। महत्वपूर्ण रूप से, जीवन बीमा एकमात्र ऐसा वित्तीय उपकरण है जो फ्री-लुक पीरियड की सुविधा देता है। यह सुविधा पॉलिसीधारकों को खरीद के बाद अपनी पॉलिसी की समीक्षा करने और यदि वे महसूस करते हैं कि यह उनकी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करती है,



**गुरु अर्जन देव शहीदी दिवस पर -हजारों श्रद्धालुओं ने टेका माथा**

# तेरा कीया मीठा लागे हरिनाम पदारथ नानक मांगे







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** -सिख धर्म के पांचवें गुरु, शहीदों के सरताज, श्री गुरुग्रंथ साहिब के सृजक, गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी दिवस समारोह आज गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर प्रांगण में पूर्ण आस्था विश्वास और श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया । इस मौके को श्री दरबार साहिब अमृतसर स्वर्णमंदिर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई जरनैल सिंह कोहारका एवं साजिंदे साथियों ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद तेरा कीया मीठा लागे हरिनाम पदारथ नानक मांगे का सरस गायन कर साध संगत को रसविभोर कर दिया । विख्यात कथावाचक ज्ञानी मनदीप सिंह मुरीद, अमृतसर ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने श्री हरिमंदिर साहिब स्वर्णमंदिर का निर्माण कराया और श्रीगुरुग्रंथ साहिब का संकलन संपादन करके ईश्वर के सनातनी अवतारों, सिख गुरुओं और संतों की ईश्वरीय गुरुवाणी को सम्मानजन स्थान प्रदान किया, ये सिक्खों के जीवित सर्वोच्च गुरु माने जाते हैं, जो आज विश्व धरोहर हैं। उन्होंने आगे कहा कि गुरुजी के बढ़ते प्रभाव से ईर्ष्या करने वाले तत्कालीन मुगल बादशाह जहांगीर ने गुरुजी को जेठ मास की तपती दोपहर में धधकते गर्म तवे पर बिठाकर सिर पर गर्म रेत डालने जैसी भयानक यातनाएं दे कर शहीद कर दिया। इसके साथ ही रागी जत्था भाई बलजीत सिंह, गोरखपुर एवं स्त्री सत्संग सभा सहित अनेक विद्वतजनों ने शबद कीर्तन पेश किया । इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व राज्य मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, रत्नेश सोनकर, पार्षद जयलक्ष्मी चक्रवर्ती, काके आनंद, कुंवरपाल सिंह शेरू एवं श्रीमती ऊषा सिंह सहित हजारों श्रद्धालुओं ने यहां मत्था टेक कर गुरु का लंगर पंगत में बैठकर ग्रहण किया । प्रधान साहब रजिंदर सिंह छावड़ा ने शाल एवं सिरोपा प्रदान कर इन्हें सम्मानित किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने सर्वत्र के भले की अरदास प्रार्थना संपन्न करवाई। मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की ने संचालन किया। गोरखपुर, मदनमहल, इकबाल भवन, जसूजा सिटी, रांझी, अधारताल एवं खमरिया सहित नगर केविभिन्न क्षेत्रों में मीठी लस्सी छबील के स्टाल लगाकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की । प्रधान साहब रजिंदर सिंह छावड़ा, हरजीत सिंह सूदन कुक्कू, मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की, सोनू सलूजा, करनैल सिंह छाबड़ा एवं प्रबंधक कमेटी ने आभार व्यक्त किया।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

जबलपुर दिन शुक्रवार 19 जून 2026 — दैनिक क्षितिज किरण — 4




हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।

## भारत विरोधी रुख

यूरोपियन यूनियन और पाकिस्तान के साझा बयान में भारत के नजरिए से कई आपत्तिजनक बातें हैं। यूक्रेन युद्ध के साथ कश्मीर का उल्लेख और कश्मीर को अनसुलझा मुद्दा बताना स्पष्टत: भारत विरोधी रुख है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पिछले हफ्ते हुई चीन यात्रा के समय जारी साझा बयान में जम्मू-कश्मीर का जिक्र हुआ। चीन ने जम्मू-कश्मीर को इतिहास से जन्मा विवाद कहा। दोनों पक्षों ने इस मुद्दे के शांतिपूर्ण और उचित समाधान की बात कही। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों, द्विपक्षीय समझौतों, और संबंधित पक्षों की आकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए। स्पष्टत: यह भारत विरोधी बयान था। उचित ही भारत सरकार ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई और कश्मीर संबंधी उन टिप्पणियों को सिरे से ठुकरा दिया।

बहरहाल, अब यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने पाकिस्तान के साथ अपने साझा बयान में जो कहा है, वह चीन की टिप्पणियों से भी आगे जाता मालूम पड़ा है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काया काल्लास की इस्लामाबाद यात्रा के समय जारी वक्तव्य में कहा गया- 'पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे की जानकारी दी। ईयू ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की जानकारी दी। दोनों पक्षों ने इन टकरावों का संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अनुरूप बातचीत एवं कूटनीति से शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया।' स्पष्टत: इस कथन में कई आपत्तिजनक बातें हैं। यूक्रेन युद्ध के साथ कश्मीर का उल्लेख और कश्मीर को अनसुलझा मुद्दा बताना सीधे तौर पर भारत विरोधी रुख है। यहां तक कि चीन ने भी भारत- पाकिस्तान के द्विपक्षीय समझौतों का उल्लेख किया था, जबकि ईयू ने उनकी भी अनदेखी कर दी है।

# फ्रांस में हुई ट्रंप-मोदी की बहुप्रतीक्षित मुलाकात के वैश्विक कूटनीतिक निहितार्थ

वैश्विक स्तर पर चीन के बढ़ते प्रभाव, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा और नई भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच यह मुलाकात दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का संदेश देती है। साथ ही, रक्षा सहयोग और तकनीकी साझेदारी पर जोर डालती है, क्योंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने की साझा चिंता दोनों देशों को है।

जब दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के मशहूर राष्ट्राध्यक्ष मिलते हैं तो दुनियावी जनकल्याण की बातें अवश्य छिड़ती हैं। हाल ही में जब फ्रांस में भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति की मुलाकात हुई तो इसे केवल द्विपक्षीय शिष्टाचार भर नहीं माना जा रहा, बल्कि इसके व्यापक राजनीतिक, सामरिक और कूटनीतिक संकेत मिले हैं। इस मुलाकात में सबसे बड़ी बात तो यह हुई कि अमेरिका ने भारत को आश्वस्त किया है कि मोदी काल में यदि भारत के ऊपर कोई हमला होता है तो यूएस यानी अमेरिका भारत के साथ रहेगा। हालांकि उनकी इस आश्वस्ति भाव के कूटनीतिक मायने भी बड़े दिलचस्प होंगे, जिसकी चर्चा मैं आगे करूँगा।

सवाल है कि क्या व्यक्तिगत रिश्ते सामान्य हो रहे हैं?

सवाल है कि क्या व्यक्तिगत रिश्ते सामान्य हो रहे हैं? तो जवाब होगा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में जैसे आयोजनों ने दोनों नेताओं की व्यक्तिगत निकटता की छवि बनाई थी। बाद के वर्षों में कुछ मुद्दों—व्यापार, वीजा, रूस से भारत के संबंध और अमेरिकी घरेलू राजनीति—के कारण रिश्तों में उतनी गर्मजोशी सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दी। जबकि हालिया मुलाकात से संकेत मिलता है कि दोनों नेता व्यक्तिगत संवाद की लाइन खुली रखना चाहते हैं। क्योंकि रणनीतिक हित व्यक्तिगत मतभेदों से अधिक महत्वपूर्ण हैं।

भारत और अमेरिका दोनों बदलते वैश्विक समीकरणों में एक-दूसरे की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं।

पहला, भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की पुनर्पुष्टि- वैश्विक स्तर पर चीन के बढ़ते प्रभाव, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा और नई भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच यह मुलाकात दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का संदेश देती है। साथ ही, रक्षा सहयोग और तकनीकी साझेदारी पर जोर डालती है, क्योंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने की साझा चिंता दोनों देशों को है। इसलिए समुद्री सुरक्षा और आपूर्ति शृंखला सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोनों देश आगे आ चुके हैं।

दूसरा, भारत के प्रतिद्वंद्वी चीन के लिए महत्वपूर्ण संकेत- यह मुलाकात अप्रत्यक्ष रूप से को संदेश देती है कि भारत और अमेरिका क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर संवाद बनाए हुए हैं। दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नजर दोनों देशों की नजर है। लिहाजा क्वाड जैसी व्यवस्थाओं को मजबूती मिलने की संभावना है। इससे एशिया में शक्ति संतुलन की राजनीति को बल मिलेगा। हालांकि, भारत को अमेरिकी चालों के परिप्रेक्ष्य में सावधानी भी बरतनी होगी, उसके मतलबी इतिहास के दृष्टिगत।

तीसरा, रूस-यूक्रेन और वैश्विक संघर्षों पर संवाद- चूंकि भारत रूस और पश्चिमी देशों के बीच संतुलित कूटनीति अपनाता रहा है। इसलिए भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की नीति पर चर्चा भी संभव हुआ है। वहीं और पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ होगा। क्योंकि इन मामलों में अमेरिका, भारत को संभावित मध्यस्थ या संवाद-सहयोगी के रूप में देखने का आदी बन चुका है और इसमें अमेरिकी रुचि भी अस्वाभाविक नहीं है।

चौथा, व्यापार और निवेश के मायने- दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। उच्च तकनीक, सेमीकंडक्टर, एआई और रक्षा उत्पादन में सहयोग बढ़ा है। अमेरिकी निवेश आकर्षित करने की भारतीय कोशिशों को बल मिला है। साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन पर निर्भरता से हटाने की रणनीति में भारत की भूमिका बढ़ी है।

पांचवां, भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि- यह मुलाकात दर्शाती है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। जी-7 और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर भारत की बढ़ती स्वीकार्यता भी इस बात को जाहिर करती है। वहीं वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में भारत की भूमिका मजबूत हुई है। खासकर ऊर्जा, जलवायु और विकास संबंधी मुद्दों पर भारत की अहमियत बढ़ना इसी बात का द्योतक है।


छठा, घरेलू राजनीतिक मायने- भारत में सरकार इसे भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। विदेश नीति की उपलब्धियों को राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता मिल सकती है। जबकि अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के लिए भारत के साथ निकट संबंध एशिया नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के संदर्भ में भी यह राजनीतिक रूप से उपयोगी संदेश माना जा सकता है।

सातवां, फ्रांस की भूमिका भी महत्वपूर्ण- चूंकि यह मुलाकात भारत के मित्र फ्रांस की उपस्थिति में हुई, इसलिए इसका एक त्रिपक्षीय आयाम भी है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच रक्षा एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के नए अवसर पैदा हुए हैं। साथ ही इंडो-पैसिफिक में फ्रांस की सक्रिय भूमिका को समर्थन मिला है। इससे यूरोप-भारत-अमेरिका सहयोग के नए समीकरण बने हैं, जो भारत के दूरगामी हित में है। पहला, चीन पर प्रभाव- इस मुलाकात को ध्यान से देखेगा, क्योंकि भारत-अमेरिका सहयोग मजबूत होने पर चीन को एशिया में अधिक संतुलित प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है। चूंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका और महत्वपूर्ण हो सकती है। इसलिए चीन भारत के साथ संबंधों को स्थिर रखने की कोशिश भी बढ़ा सकता है ताकि वह दो मोर्चों पर दबाव न झेले।

## भारत की जैव-विविधता: प्रतिबद्धताएँ और उपलब्धियाँ

भारत की जैव विविधता का संचालन त्रि स्तरीय संरचना पर आधारित है। इसके तहत यह संरचना जैव विविधता की राष्ट्रीय नीति को राज्य स्तरीय कार्रवाई और स्थानीय स्तर के क्रियान्वयन से जोड़ती है। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है जबकि राज्य जैव विविधता बोर्ड और केंद्र शासित प्रदेशों में गठित जैव विविधता परिषद प्रादेशिक और स्थानीय स्तर पर इन्हें निर्देशित करते है। स्थानीय स्तर पर ग्रामीण और शहरी निकायों में गठित जैव विविधता प्रबंधन कमेटियां लोगों की जैव विविधता रजिस्टर तैयार करती है और सामुदायिक स्तर पर संरक्षण को बढ़ावा देती है। भारत में अभी तक करीब 276653 जैव विविधता कमेटियों का गठन हुआ है.और करीब 272648 जैव विविधता रजिस्टर निर्मित किये गए है जिनमें समूचे देश की अनेक स्थानीय प्रजातियों, पारिस्थितिकी और परंपरागत ज्ञान का दत्तावेजीकरण किया गया है। कुल मिलाकर ये संस्थाएं और इनकी कार्य प्रक्रियाएं हमें वैश्विक स्तर की जैव विविधता के पारिस्थितिकी संतुलन से तालमेल बिठाने में मदद करती है। एक लचीले भविष्य के लिए प्राकृतिक पूंजी का संरक्षण जैव-विविधता भारत की पर्यावरणीय और विकास प्राथमिकताओं का केंद्र है। यह खाद्य सुरक्षा, आजीविका, जलवायु लचीलापन और पारिस्थितिक संतुलन का समर्थन करती है। भारत के वन, आर्द्रभूमि, पर्वत, समुद्री तट, मरुस्थल, घास के मैदान और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र विविध प्रजातियों और समुदायों को बनाए रखते हैं। लाखों स्थानीय समुदाय दैनिक जीवन के लिए इन प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। भारत नीतियों, संस्थाओं और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वैश्विक ढांचों के अनुरूप अपनी प्राकृतिक पूंजी और जैव-विविधता प्रतिबद्धताओं को बनाए रखता रहता है। इन प्रयासों के माध्यम से भारत वैश्विक जैव-विविधता लक्ष्यों में योगदान देता है और राष्ट्रीय व स्थानीय स्तरों पर संरक्षण को मजबूत करता है। भारत का दृष्टिकोण स्थानीय प्रबंधन पर जोर देता है, क्योंकि यह माना जाता है कि समुदाय-नीत कार्रवाई व्यापक जैव-विविधता परिणामों को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है।

## अपराध की दुनिया में महिलाओं के बढ़ते कदम



आधुनिक डिजिटल युग में देश जैसे जैसे स्मार्ट और तकनीकी रूप से उन्नत होता जा रहा है, वैसे वैसे अपराधों की संख्या और उन्हें अंजाम देने के तौर तरीकों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत में अपराध जगत में महिलाओं की भागीदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में कम है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में इसमें आई बढ़ोतरी निश्चित रूप से चिंतन और चिंता का विषय है। वर्तमान समय में महिलाओं की अपराधों में संलिप्तता केवल परिवार के पुरुष सदस्यों के अवैध कारोबार में सहयोग करने तक सीमित नहीं रह गई है। मादक पदार्थों की तस्करी, आर्थिक अपराध, साइबर धोखाधड़ी, बच्चों की चोरी, मानव तस्करी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले सामने आ रहे हैं। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में अपराध जगत में महिलाओं की उपस्थिति चिंताजनक स्तर तक पहुंच सकती है। यह एक कटु सत्य है कि अनेक मामलों में महिलाओं को अपराध की दुनिया में धकेलने का कार्य उनके अपने परिवार या आसपास के लोग ही करते हैं। इसके पीछे यह सोच काम करती है कि पुलिस और जांच एजेंसियों को महिलाओं पर अपेक्षाकृत कम संदेह होता है। इसी मानसिकता का लाभ उठाकर अपराधी तत्व महिलाओं का उपयोग अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करते हैं। अपराध जगत में एक वर्ग उन महिलाओं का है जो अपराधी परिवारों से जुड़ी होने के कारण स्वयं इसमें शामिल हो जाती हैं, जबकि दूसरा वर्ग उन गरीब, अशिक्षित, उपेक्षित और मजबूर महिलाओं का है जिन्हें बहला फुसलाकर या लालच देकर गैरकानूनी कार्यों में धकेल दिया जाता है। इसका उद्देश्य अक्सर वास्तविक अपराधियों को कानून के शिकंजे से बचाना होता है। हालांकि यह भी सच है कि कई मामलों में महिलाएं केवल मोहरे के रूप में ही नहीं, बल्कि सक्रिय अपराधी और अपराध की योजनाकार के रूप में भी सामने आई हैं। धन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद और प्रेम प्रसंगों से जुड़े मामलों में सुपारी देकर अपने ही परिजनों की हत्या करवाने जैसी घटनाएं समाज को झकझोरने वाली हैं। ऐसे अपराध यह दर्शाते हैं कि नैतिक मूल्यों का ह्रास किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है। भारत जैसे देश में, जहां महिलाओं को मातृशक्ति के रूप में सम्मान और पूजनीय स्थान प्राप्त है, वहां अपराध की दुनिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। यह विडंबना ही है कि देश के कई राज्यों में महिला अपराधियों पर भी पुलिस द्वारा हजारों और लाखों रुपये के इनाम घोषित किए जा चुके हैं। निस्संदेह, विपरीत परिस्थितियों में अपनी जान, सम्मान या परिवार की रक्षा के लिए किया गया कोई भी कदम अलग संदर्भ रखता है, किंतु किसी महिला की मजबूरी का अनुचित लाभ उठाकर उसे अपराध की राह पर ले जाना अथवा पारिवारिक अवैध धंधों में उसकी जानबूझकर भागीदारी सुनिश्चित करना एक गंभीर और अक्षम्य अपराध है। समाज और शासन दोनों की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी महिलाओं को अपराध के दलदल में धकेलने वाले लोगों, उनके सरगनाओं तथा धन, संपत्ति, प्रेम-प्रसंग या अवैध कारोबार के कारण हत्या और अन्य गंभीर अपराधों की साजिश रचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। कानून का भय और न्याय की दृढ़ता ही इस बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है।

एक ओर भारत सरकार महिलाओं को विकास, शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के समान अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर समाज के शिक्षित और संपन्न वर्ग की कुछ महिलाओं का अपराधों में संलिप्त पाया जाना इस सकारात्मक उद्देश्य को कमजोर करता है। इसलिए आवश्यकता केवल कानून की सख्ती की नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की भी है। यदि समाज, परिवार और शासन मिलकर महिलाओं को सम्मानजनक अवसर, सुरक्षा और सही दिशा प्रदान करें, तो वे अपराध की दुनिया का हिस्सा बनने के बजाय राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास की सशक्त भागीदार बन सकती हैं। यही एक स्वस्थ, सुरक्षित और प्रगतिशील भारत की पहचान होगी।

अरविंद रावल

गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)

## शिकार ने पहुंचाया राजा प्रतापभानु को विनाश के द्वार, एक गलती और सब खत्म!

राजा प्रतापभानु का एक अत्यन्त विद्वान, धर्मनिष्ठ और दूरदर्शी मंत्री था, जिसका नाम धर्मरुचि था। वह सदैव राजा को वेद-विहित मार्ग, धर्ममय आचरण और लोककल्याणकारी नीतियों का उपदेश देता रहता था। परिणामस्वरूप प्रतापभानु के राज्य में दु:ख, दारिद्र्य और क्लेश का नामोनिशान तक न था। महर्षि याज्ञवल्क्य बड़े ही प्रेम, माधुर्य और भाव-विभोर वाणी से महर्षि भारद्वाज को श्रीरामकथा का अमृतपान करा रहे हैं। मनु-शतरूपा की परम पावन तपोगाथा का वर्णन करने के उपरान्त वे एक प्राचीन इतिहास का उद्घाटन करते हैं, जिसे स्वयं भगवान शंकर ने माता पार्वती को सुनाया था। यह कथा कैकय देश के परम प्रतापी नरेश सत्यकेतु और उनके पुत्र प्रतापभानु से संबंधित है। राजा सत्यकेतु धर्मरूपी धुरी के धारक, नीति के निधान, तेज और प्रताप के पुंज, शील और सदाचार की मूर्ति तथा अपार बल के स्वामी थे।

## विश्व शांति एवं संतुलन के लिए आत्ममंथन हो जी-7 बैठक में

फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा और युद्ध जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह मंच एकत्रित हुआ है। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या जी-7 आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है, जितना उसकी स्थापना के समय था? क्या यह संगठन वास्तव में वैश्विक समस्याओं के समाधान का मंच बन पाया है अथवा यह कुछ शक्तिशाली देशों के हितों की रक्षा का माध्यम बनकर रह गया है? क्या इस मंच की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने स्वार्थों के चलते धुंधलाने में लगे हैं? विश्व में शांति स्थापना, संतुलित आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बने विभिन्न वैश्विक संगठनों की सफलता का मूल्यांकन उनके परिणामों से होता है, न कि उनके घोषणापत्रों से। दुर्भाग्य से जी-7 के संदर्भ में यह प्रश्न बार-बार उठता रहा है कि उसके निर्णयों और घोषणाओं का वास्तविक प्रभाव कितना है। पिछले वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और बढ़ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के समाधान में यह संगठन अपेक्षित भूमिका निभाने में सफल नहीं दिखा है। जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषत: ईरान- इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था का धराशायी कर दिया और यह अब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे। यही कारण है कि जी-7 के भीतर आज पहले जैसी एकजुटता दिखाई नहीं देती। फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और जापान जैसे देश कई मुद्दों पर अमेरिका से अलग दृष्टिकोण रखते हैं।

## यहां दर्शन से मिलती है पापों से मुक्ति

हिंदू धर्म में पंचकेदार की तीर्थयात्रा को बेहद पवित्र माना जाता है। पंच केदार की यात्रा को मन, शरीर और आत्मा की शुद्धि का एक आध्यात्मिक मार्ग माना गया है। पंच केदार उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय में स्थित है। पंच केदार की उत्पत्ति महाभारत काल की एक कथा से जुड़ी है। पौराणिक कथा के मुताबिक कुरुक्षेत्र के युद्ध के बाद पापों से छुटकारा पाने के लिए पांडव हिमालय पहुंचे। लेकिन भगवान शिव पांडवों से नाराज थे। जिस कारण महादेव पांडवों को दर्शन नहीं देना चाहते थे। इसलिए भगवान शिव बैल का रूप धारण करके धरती में लुप्त हो गए।

धार्मिक मान्यता है कि मुताबिक जब भगवान शिव बैल रूप में धरती में समाए तो उनके शरीर के अलग-अलग हिस्से हिमालय के पांच अलग-अलग स्थानों पर प्रकट हुए। इन्हीं 5 स्थानों पर पांडवों द्वारा भगवान शिव की पूजा की गई। जिसको पंच केदार के नाम से जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पंच केदार और इसके महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं। केदारनाथ

पंचकेदार में केदारनाथ मंदिर सबसे प्रमुख माना जाता है। यहां पर बैल रूपी अवतार की पीठ का हिस्सा प्रकट हुआ था। केदारनाथ को आस्था का बड़ा केंद्र माना जाता है और हर साल भारी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर आते हैं। यहां पर भगवान शिव की पूजा करने से जातक को पापों से मुक्ति मिलती है और शुभ फल की प्राप्ति होती है।

# स्वस्थ भारत, सशक्त भारत-स्वास्थ्य देखभाल विकास के 12 वर्ष

श्रीमती अनुप्रिया पटेल

बेहतर स्वास्थ्य प्रणाली से आर्थिक उत्पादकता बढ़ती है, कार्यबल की संख्या में बढ़ोतरी होती है और विकास दीर्घावधि तक होता है। इसलिए, अच्छी सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा संकेत है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति भी है। यह वह आधार है, जिस पर मानवीय क्षमता का निर्माण होता है और देश की ताकत मापी जाती है। इसलिए, बेहतर सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति है और इसमें लगाया गया हर रुपया देश के लोगों में किया गया निवेश है।

इस तरह, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) , यानी यह सुनिश्चित करना कि सभी लोग, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, बिना किसी आर्थिक परेशानी के, जब और जहाँ ज़रूरत हो, अच्छी गुणवत्ता की सभी ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाएं हासिल कर सकें। यह न केवल 2030 तक हासिल किया जाने वाला सतत् विकास का लक्ष्य है, बल्कि सेहत से जुड़ी एक प्राथमिकता भी है।

भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (एनएचपी 2017), सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) और एसडीजी 3 को हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप है और यह एक सरल लेकिन मज़बूत सोच पर आधारित है -स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुँच होनी चाहिए। इसके चार स्तंभ, किफायती होना, पहुँच, गुणवत्ता और उपलब्धता , उस सोच को वास्तिवकता में बदलते हैं और जीवन के सभी चरणों में देखभाल की एक व्यापक व्यवस्था को मज़बूत करते हैं। लक्ष्यों के अनुरूप, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राज्यों को स्वास्थ्य प्रणाली का एक एकीकृत तीन-स्तरीय मॉडल प्रदान करने में मदद करता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी इलाकों (कमज़ोर वर्गों सहित) के बीच दोतरफा रेफरल लिंक शामिल हैं।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) प्राथमिक स्तर पर बीमारी से बचाव, सेहत को बढ़ावा देने, इलाज, पुर्नवास और प्रशामक देखभाल जैसी व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ देते हैं। ईसंजीवनी टेलीमेडिसिन प्लेटफ़ॉर्म इन एएएम के ज़रिए समुदाय को विशेषज्ञों से जोड़कर विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। साथ ही, एक खास टेली-मानस प्लेटफ़ॉर्म भी है, जिसने अब तक कुल 38.93 लाख लोगों तक पहुँच बनाई है।

एएएम से जुड़े द्वितीय स्तर के केंद्र जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)/प्रथम रेफरल इकाई (एफआरयू) और ज़िला अस्पताल (डीएच) होते हैं, जो विशेषज्ञ के समक्ष इलाज और अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा के लिए रेफरल का पहला ज़रिया होते हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज जैसे तृतीयक संस्थान सबसे ऊपर होते हैं और ज़्यादा जटिल व सुपर-स्पेशलिस्ट सेवाओं की ज़रूरतें पूरी करते हैं।

इस तीन-स्तरीय प्रणाली को सरकारी स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी का समर्थन प्राप्त है। पिछले दशक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर होने वाला खर्च 168त्न बढ़ गया है, जो स्वास्थ्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता मानने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सफ़र व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के विस्तार और प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही से समस्या होने से पहले ही ध्यान रखने वाली देखभाल की ओर ज़रूरी बदलाव को दिखाता है। व्यापक स्वास्थ्य पैकेजों की संख्या 6 से बढ़ाकर 12 करना, भारत की बदलती आबादी और बीमारियों के बदलते पैटर्न के हिसाब से उठाया गया एक ज़रूरी कदम है। बढ़ती उम्र की आबादी और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बढ़ते मामलों की दोहरी चुनौतियों का सामना करते हुए, इसके दायरे में गैर-संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, बुज़ुर्गों की देखभाल, आपातकालीन सेवाएँ, आँख, कान-नाक-गला (ईएनटी) और मुँह की सेहत के साथ-साथ योग और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियाँ शामिल हैं। यह सब उस आबादी की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो भारत अब बन रहा है।

मई 2026 तक, देश भर में 1.8 लाख से ज़्यादा एएएम काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को उनके घर के पास स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। इस विस्तार का असर एएएम में 120 करोड़ से ज़्यादा ओपीडी परामर्श, 70 करोड़ से ज़्यादा ईसंजीवनी टेली-परामर्श और अच्छी सेहत व कल्याण को बढ़ावा देने वाले 46.1 करोड़ से ज़्यादा वेलनेस सत्रों में साफ़ दिखता है।

प्राथमिक देखभाल स्तर पर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और आम कैंसर (जैसे ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर) के लिए आबादी-आधारित स्क्रीनिंग 30 साल से ज़्यादा उम्र के सभी वयस्कों के लिए की जाती है, जिससे बीमारी का जल्दी पता लगाना एक सामान्य प्रक्रिया बन जाती है। यह जांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत सेवा वितरण का एक अहम हिस्सा है, जो एनसीडी की रोकथाम को व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में शामिल करती है। एनसीडी सेवाओं का विस्तार बीमारी का जल्दी पता लगाने, रोकथाम, प्रबंधन और इलाज के लिए एक बहु स्तरीय प्रयास है। समर्पित एनसीडी क्लीनिक, डे-केयर कैंसर केंद्र , तृतीयक देखभाल कैंसर केंद्र और राज्य कैंसर संस्थान, उन्नत ऑन्कोलॉजी सेवाओं को विकेंद्रीकृत करते हैं और विशेषज्ञ देखभाल को मरीज़ के करीब लाते हैं।

साथ ही, बचाव से जुड़ी गतिविधियों के लिए होल-ऑफ-गवर्नमेंट दृष्टिकोण अपनाया जाता है। एफएसएसएआई स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देता है, फिट इंडिया मूवमेंट शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है और आयुष मंत्रालय योग और कल्याण को आगे बढ़ाता है। लगातार चलने वाले जन-जागरूकता अभियान और स्वास्थ्य दिवस मनाने जैसे कार्यक्रम इन प्रयासों को और मज़बूत करते हैं। खाने के तेल की खपत को 10त्न कम करने की प्रधानमंत्री मोदी की निजी अपील एक सरल लेकिन दमदार सोच को ज़ाहिर करती है कि एनसीडी के ख़िलाफ़ लड़ाई अस्पतालों के साथ-साथ घरों में भी जीती जाती है।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के विस्तार के लिए, एएएम स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य ऑफिसर्स का एक नया कैडर शुरू किया गया, जिससे क्लिनिकल और जन स्वास्थ्य से जुड़ी विशेषज्ञता समुदायों के और करीब आ गई। यह विस्तार लोगों के घर-द्वार तक भी पहुँचा, जहाँ फ्रंटलाइन नेटवर्क बढ़कर 10 लाख से ज़्यादा आशा (आशा) कार्यकर्ताओं तक पहुँच गया, जिन्होंने समुदाय को स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ा।

विस्तार के साथ-साथ, भारत ने देखभाल के मापदंडों को बदलने की ज़्यादा मुश्किल चुनौती भी स्वीकार की। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, जो देश में ही विकसित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकृत हैं, ने गुणवत्ता को सिर्फ़ एक इच्छा से बदलकर एक जवाबदेही बना दिया।65,000 से ज़्यादा जन स्वास्थ्य केंद्र, जिनमें 54,926 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं, अब एनक्यूएएस द्वारा प्रमाणीकृत हैं। इसके अलावा, आईपीएचएल के लिए लैब मानकों ने व्यवस्था में और मज़बूती और सटीकता लाई है।एनक्यूएएस की सफलता का राज़ सिर्फ़ मानदंड नहीं, बल्कि उसके आस-पास बनी व्यवस्था था,

# -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। छात्रों को आज किसी प्रैक्टिकल में सहपाठी की मदद मिलेगी, कार्य में आसानी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा, लोग आपका सपोर्ट करेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जायेंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को सफलता मिलती रहेगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक ख़त्म होगी,

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा के लिये प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा।

सिंह राशि: आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशियां लेकर आया है। आज आपको शुभ सन्देश मिल सकता है परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं काम करने में आसानी होगी। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज किसी बात को सोचकर आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।


वृश्चिक राशि: आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

धनु राशि: आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं ।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का प्रोग्राम बन सकता है।

मीन राशि: आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ( नेकां ) के सांसद केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) की सरकार का समर्थन नहीं करेंगे। हम आपको बता दें कि लोकसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के दो और राज्यसभा में तीन सदस्य हैं। तृणमूल कांग्रेस के 22 और शिवसेना यूबीटी के छह सांसदों द्वारा केंद्र सरकार का समर्थन किए जाने की खबरों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में अब्दुल्ला ने कहा कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं, इस पर वह कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उमर अब्दुल्ला ने बांदीपुरा में पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''इस सवाल का जवाब न तो मैं दे सकता हूं और न ही आप।



# टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगाने पर राहुल गांधी बिफरे, बोले- क्या अगला प्रतिबंध व्हाट्सऐप पर लगेगा

नईदिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) की 21 जून को होने वाली पुनर्परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगाने पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर टेलीग्राम प्रतिबंध को पेपर लीक रोकने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का नया नुस्खा बताया है। राहुल ने लिखा कि टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगाना बताता है कि चोर को पकड़ने के बजाय, पीड़ित के घर पर ताला लटका दो।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने लिखा, टेलीग्राम बैन- मोदी सरकार का पेपर लीक रोकने का नया नुस्खा। यानी चोर को पकड़ने के बजाय, पीड़ित के घर पर ताला लटका दो। लाखों छात्र सालों से टेलीग्राम पर पढ़ते हैं- नोट्स, टेस्ट सीरीज़, डिस्कशन, तैयारी। वो सुविधा छीन लेना पेपर लीक का समाधान कैसे हुआ? और यह फूलप्रूफ भी नहीं है- यह देश का हर छात्र जानता है, और पेपर लीक माफिया भी। फिर अगला बैन किसपर लगाएंगे? व्हाट्सऐप? राहुल ने आगे लिखा, परीक्षा के दिन छात्रों की तलाशी होगी। जेबें कैंची से काटी जाएंगी। प्रश्नपत्र वायुसेना से भेजे जाएंगे। दिखावे की कोई कमी नहीं होगी। पर बीमारी की जड़ पर एक वार भी नहीं, क्योंकि पेपर लीक माफिया इसी सरकार की देख-रेख में फल-फूल रहा है, और युवाओं को खून के आंसू रुला रहा है। मोदी जी- दिखावा छोड़िए। माफिया पर वार कीजिए, छात्र पर नहीं। छात्रों की गूंज सुनिए- वरना देश का युवा हक लेना जानता है।

पेपर लीक के खिलाफ छात्रों के गुस्से को देखते हुए राहुल गांधी ने छात्र आंदोलन शुरू किया है, जिसकी पहली महारैली राजस्थान के कोटा में हो रही है। राहुल बुधवार को महारैली में भाग लेने के लिए कोटा रवाना हो गए हैं। यहां के दशहरा मैदान में वह छात्रों को संबोधित करेंगे। इसके बाद अगली रैली उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कोटा रवाना होने से पहले एक्स पर पोस्ट भी किया है।

**नीट परीक्षा से 72 घंटे पहले साजिश के तहत राहुल गांधी छात्रों में फैला रहे भ्रम और तनावः सुधांशु त्रिवेदी**

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कोटा में प्रस्तावित छात्र प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी पर नीट परीक्षा से पहले छात्रों के बीच भ्रम और तनाव पैदा करने का आरोप लगाया है। भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, सिर्फ 3 दिन बाद फिर से नीट की परीक्षा होगी। एक तरफ सारे छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। सरकार ने पूरी सतर्कता के साथ इस प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए कमर कसी है। जहां सरकार संवेदनशीलता से काम कर रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी और नेता विपक्ष राहुल गांधी कुटिलता का प्रयोग करते दिखाई पड़ रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि परीक्षा से पहले अंतिम 72 घंटे, जिस समय छात्र तनावमुक्त होकर तैयारी करना चाहता है, उस समय आप इस प्रकार का आयोजन करके उनके मन में भय, तनाव और उत्तेजना उत्पन्न करके मानसिक यातना क्यों देना चाह रहे हैं? राजनीति करने के बहुत अवसर मिलेंगे। आप इन्हीं 72 घंटों में राजनीति क्यों करना चाह रहे हैं? सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह समय छात्रों के लिए पूरी तरह से अपनी परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का है। ऐसे समय में छात्रों का ध्यान भटकाने की कोशिश क्यों की जा रही है। साथ ही छात्रों को रैली में बुलाने के लिए जिस तरह के तौर-तरीके अपनाए जा रहे हैं, उन पर भी सवालिया निशान है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, हमने माना कि आप (राहुल गांधी) छात्र जीवन में भी असफल रहे, जिस कंपनी में नौकरी की वहां भी असफल रहे, कंपनी चलाई वहां भी असफल रहे और नेता के रूप में भी असफल रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्रातिस्लावा में एक समारोह के दौरान स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ़ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) मिला। यह किसी विदेशी देश द्वारा प्रधानमंत्री को दिया गया 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और एआईटीसी प्रमुख ममता बनर्जी कोलकाता में नई याचिका दायर करने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचीं।

## अमेरिका का दोहरा झटका; कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताया, पैसिफिक कमान से इंडो को हटाया

नईदिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका ने फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बीच दोहरा झटका दिया है। अमेरिकी युद्ध विभाग ने यूएस इंडो-पैसिफिक कमान (यूएसइंडोपाकॉम) को उसके आधिकारिक तौर पर अपने मूल नाम यूएस पैसिफिक कमान (यूएसपीएकॉम) करने की घोषणा की है। इसके अलावा, कमान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने परिचालन क्षेत्र के संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर भारत का गलत नक्शा प्रदर्शित किया है, जिसमें कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है।

कमान ने एक्स पर नया लोगो साझा कर लिखा कि युद्ध विभाग ने यूएस पैसिफिक कमान का नाम फिर से बहाल कर यूएस पैसिफिक कमान किया है। कमान ने बताया कि नाम बदलने के बाद भी यूएसपीएकॉम की जिम्मेदारी अमेरिका के पश्चिमी तट के समुद्री इलाकों से लेकर भारत की पश्चिमी सीमा तक बिल्कुल वैसी ही रहेगी। कमान का मूल मिशन और क्षेत्रीय सहयोगियों-साझेदारों के साथ मिलकर स्वतंत्र और खुला क्षेत्र बनाए रखने की प्रतिबद्धता में कोई बदलाव नहीं है।

कमान का बदलाव सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहा। उसने अपनी आधिकारिक वेबसाइट में जिम्मेदारी क्षेत्र मानचित्र अनुभाग में भारत का गलत नक्शा प्रदर्शित किया है, जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर शामिल नहीं है। अमेरिका ने नक्शे में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को पाकिस्तान का इलाका दिखाया है। नक्शे में भारत को हल्के हरे रंग से दिखाया गया है, जिसमें जम्मू-कश्मीर के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों (पीओके और अक्साई चिन) को भारत से अलग रंग में दिखाया है।

अमेरिकी कमान का यूएसपीएकॉम नाम 1 जनवरी, 1947 को राष्ट्रपति हैरी एस ट्रूमैन ने लागू किया था, जो 70 से अधिक वर्षों तक यूएसपीएकॉम रहा। यह अमेरिका की सबसे पुरानी और बड़ी कमांड है। इसने दूसरे विश्व युद्ध के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा स्थापित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस ने 2018 में यूएसपीएकॉम का नाम बदलकर इसमें भारत की भूमिका को दर्शाते हुए इंडो जोड़ा था।

इसे आसान भाषा में समझें तो बदलाव एक तरह से अमेरिका का चीन-पाकिस्तान की तरफ नरम रुख दिखाता है। दरअसल, अमेरिका ने चीन को संतुलित करने के लिए प्रशांत क्षेत्र में भारत को शामिल कर हिंद-प्रशांत महासागर में चीनी नौसेना प्रभाव को रोकने का संदेश दिया था। तब यह साफतौर पर चीन-केंद्रित अमेरिका-भारत-जापान-ऑस्ट्रेलिया के क्वाड समूह और स्वतंत्र इंडो-प्रशांत रणनीति का हिस्सा था। ट्रंप की बीजिंग की यात्रा के बाद यह उनके चीन के प्रति बदले नजरिए को दिखाता है।

## उद्धव ठाकरे के सांसदों का फोन बंद, दिल्ली में एकनाथ शिंदे से मिलने की तैयारी

मुंबई(आरएनएस)। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की मुश्किलें थम नहीं रही है। पार्टी और चुनाव चिन्ह खोने के बाद अब शिवसेना (उद्धव गुट) के लोकसभा सांसद भी एकनाथ शिंदे की तरफ जाते दिख रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पार्टी के वरिष्ठ नेता कुछ लोकसभा सांसदों से फोन पर संपर्क करना चाह रहे हैं, लेकिन उनके फोन बंद हैं। इस बीच, खबर आई है कि दिल्ली में 9 में से 6 सांसद बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे से मिल सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, उद्धव गुट के 2 सांसद दिल्ली पहुंच गए हैं, जबकि 4 अन्य सांसदों की प्रतीक्षा की जा रही है। यह समूह शिवसेना (शिंदे गुट) सांसद और शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे के आवास पर बैठक करेगा। बताया जा रहा है कि इस समूह की चर्चा में एकनाथ शिंदे भी शामिल हो सकते हैं। इस बैठक के तुरंत बाद सांसदों का समूह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिल सकता है।

महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के बीच शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक्स पर अपना सपना मनी-मनी लिखते हुए कहा, यह हैरान करने वाली और घिनौनी बात है कि खबर है कि महाराष्ट्र के सांसदों को पाला बदलने के लिए आज रात 15 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है।



तिरुनेलवेली में 21 जून को होने वाली नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा से पहले, मदुरै से तिरुनेलवेली तक प्रश्न-पत्रों को सुरक्षित रूप से ले जाने की तैयारियों के तहत, भारतीय सेना का एक हेलिकॉप्टर तिरुनेलवेली आर्म्ड रिज़र्व ग्राउंड पर लैंडिंग का अभ्यास कर रहा है।

## संजय राउत ने बगावत करने वाले सांसदों को चेतावनी दी, कहा- बेईमान सांसदों को छोड़ेंगे नहीं

मुंबई(आरएनएस)। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना में 6 सांसदों की बगावत की खबरों के बीच राज्यसभा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय राउत ने बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने बुधवार को दिल्ली में सांसद अनिल देसाई और अरविंद सावंत के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बेईमानी करने वाले सांसदों को बख्शा नहीं जाएगा, जनता उनको सबक सिखाएगी। उन्होंने बताया कि पार्टी के मुख्य सचेतक ने व्हीप जारी किया है और गुरुवार को संसदीय कमेटी की बैठक होनी है।

राउत ने पत्रकारों से कहा, अभी तक सब साथ हैं, लेकिन रविवार को मातोश्री में जो बैठक हुई, उसमें 4 लोग शामिल थे, बाकी 5 ऑनलाइन थे। उन्होंने पार्टी न छोड़ने की बात कही थी। एक सांसद ने 4 बार साईं बाबा की, एक ने माता भवानी, एक ने मां-बेटी और एक ने अपनी मां की शपथ ली थी। अब अगर कोई शपथ लेकर मां समान शिवसेना से बेईमानी करेगा तो हम उनको छोड़ेंगे नहीं, जो चाहे वो कर लें। राउत ने आगे कहा, ये जो सांसद हैं, वे मशाल चुनाव चिन्ह पर जीतकर आए हैं, मोदी या शिंदे के चेहरे पर नहीं जीते हैं। उद्धव बालासाहेब के चेहरे पर उनको वोट मिला है। अगर कोई बेईमानी करता है तो याद रखिए। 15-15 करोड़ कल रात को दिया।

## नीट परीक्षा से पहले लगे प्रतिबंध के खिलाफ टेलीग्राम पहुंची दिल्ली हाई कोर्ट

नईदिल्ली (आरएनएस)। टेलीग्राम ने भारत सरकार द्वारा लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। केंद्र ने नीट (यूजी) 2026 की दोबारा परीक्षा से पहले 22 जून तक देश में टेलीग्राम की सेवाओं पर रोक लगाने का फैसला किया था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस तेजस करिया की अवकाशकालीन पीठ के सामने रखी गई, जिसने इसे तुरंत सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। बता दें, नीट की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जानी है।

केंद्र सरकार ने यह फैसला राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और शिक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ समूह टेलीग्राम का इस्तेमाल करके छात्रों और अभिभावकों को कथित पेपर लीक और परीक्षा से जुड़ी भ्रामक जानकारी के जरिए गुमराह कर रहे थे। सरकार का मानना है कि परीक्षा के दौरान इस तरह की गतिविधियों को रोकना जरूरी है, ताकि उम्मीदवार बिना किसी भ्रम के निष्पक्ष माहौल में परीक्षा दे सकें।

सरकार ने टेलीग्राम को भारतीय यूजर्स के लिए 30 जून तक पुराने मैसेज में बदलाव करने की सुविधा बंद करने का निर्देश भी दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ लोग पहले सामान्य मैसेज पोस्ट करते थे और बाद में उनमें बदलाव करके प्रश्नपत्र या अन्य सामग्री जोड़ देते थे। इसके बाद पुराने समय के स्क्रीनशॉट दिखाकर पेपर लीक होने का दावा किया जाता था। इस तरह की भ्रामक गतिविधियों को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, टेलीग्राम पर कई ऐसे चैनल सक्रिय थे जो कथित तौर पर परीक्षा के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर रहे थे।

## बिहार की राजधानी पटना की नई टाउनशिप का नाम पाटलिपुत्र होगा

पटना,(आरएनएस)। बिहार की राजधानी पटना में जो नई टाउनशिप बनाई जा रही है, उसे पाटलिपुत्र के नाम से जाना जाएगा। यह ऐलान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को किया है। उन्होंने फुलवारीशरीफ में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उनके पास पटना का नाम बदलने की मांग आ रही थी, लेकिन उन्होंने उससे भी बड़ा निर्णय है, जिसमें एक टाउनशिप को ही पाटलिपुत्र नाम दिया है। उन्होंने कहा कि इससे शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को महत्व मिलेगा। फुलवारीशरीफ के नदियावां गांव में आयोजित प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर में मुख्यमंत्री सम्राट ने कहा कि उनकी सरकार बड़े पटना की परिकल्पना पर काम कर रही है, जिसको भविष्य में पाटलिपुत्र के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक टाउनशिप से राजधानी का स्वरूप बदलेगा और आर्थिक गतिविधियों को भी रफ्तार मिलेगी। बता दें कि पटना को प्राचीन समय में मगध की राजधानी पाटलिपुत्र के नाम से जाना जाता था।



नागपुर के संविधान चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान %कॉकरोच जनता पार्टी% के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दिपके राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए।




अमृतसर रेलवे स्टेशन पर अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाए जाने से पहले, ट्रेन के पायलट और को-पायलट सजाई गई ट्रेन के पास खड़े हैं।

## ऑपरेशन टाइगर नहीं, ऑपरेशन गद्दारी... प्रियंका चतुर्वेदी ने सांसदों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर साधा निशाना

मुंबई ,(आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) की पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं और कथित ऑपरेशन टाइगर को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो नेता किसी राजनीतिक दल के नाम और चुनाव चिह्न पर जीतकर संसद या विधानसभा पहुंचते हैं, उनके लिए पार्टी छोड़ने के बाद भी उस सीट पर बने रहना उचित नहीं है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यदि किसी नेता को अपनी पार्टी से असंतोष है तो उसे जनता के बीच जाकर अपने दम पर चुनाव लड़ना चाहिए और नया जनादेश प्राप्त करना चाहिए। ऐसे राजनीतिक घटनाक्रमों को ऑपरेशन टाइगर कहना गलत है। इसे ऑपरेशन गद्दारी कहा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में उनकी पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष संविधान का हवाला देते हुए अपना पक्ष रखा है। यह मामला अभी भी न्यायिक प्रक्रिया में लंबित है और पार्टी कानूनी लड़ाई लड़ रही है। शिवसेना (यूबीटी) सांसदों को तोड़ने के लिए 15-15 करोड़ रुपए का ऑफर दिए जाने संबंधी संजय राउत के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यदि कोई वरिष्ठ नेता किसी संभावित राजनीतिक घटनाक्रम की जानकारी होने का दावा करता है, तो उसके पीछे कुछ न कुछ आधार अवश्य हो सकता है।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से संपर्क साधे जाने और संभावित दलबदल की खबरें लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे में इस तरह की चर्चाओं पर उन्हें कोई हैरानी नहीं होगी। प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की राजनीति में पहले भी खरीद-फरोख्त और राजनीतिक सौदेबाजी के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे घटनाक्रम लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांस के एवियन शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के सवाल पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि औपचारिक मुलाकात हुई या नहीं, हालांकि कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी नेतृत्व के सामने भारत की चिंताओं को मजबूती से उठाएंगे। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की जान जाने और भारत के प्रति आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है।



हाल ही में एक इंटरव्यू में सुनीता ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में बताया कि एक बार जब उनसे पूछा गया कि क्या गोविंदा हैं, तो उन्हें इस शॉर्ट फॉर्म का मतलब ही नहीं पता था। उन्हें लगा कि सचमुच बकरी की बात हो रही है। सुनीता ने हंसते हुए कहा, 卐मैंने तो बोल दिया कि मेरे पति बकरी नहीं हैं, मैं तो उन्हें शेर कहने वाली थी! अगर मुझे इसका असली मतलब पता होता, तो मैं तुरंत मान जाती क्योंकि गोविंदा से बेहतर कोई कलाकार नहीं है।

# वेदांग रैना की नई फिल्म में आया बड़ा मोड़, नाओमिका सरन के साथ प्रगति श्रीवास्तव भी निभाएंगी अहम रोल

बॉलीवुड में इन दिनों नई जोडियों और नई कहानियों को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी बीच अभिनेता वेदांग रैना की आने वाली फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। अब तक चर्चा थी कि इस फिल्म में वेदांग के साथ नाओमिका सरन नजर आएंगी, लेकिन अब खबर है कि फिल्म में एक और अभिनेत्री प्रगति श्रीवास्तव की भी एंट्री हो गई है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म रोमांस, कॉमेडी और रहस्य से भरपूर होगी और इसकी कहानी में दोनों अभिनेत्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जानकारी के मुताबिक, फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स कर रहा है। वहीं निर्देशन की जिम्मेदारी जगदीप सिद्धू पर हैं। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इसमें एक दिलचस्प प्रेम कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें कई रोमांचक मोड़ होंगे।



फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, प्रगति श्रीवास्तव का किरदार फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बताया जा रहा है कि फिल्म में वेदांग रैना के किरदार की जिंदगी में दो अलग-अलग प्रेम संबंध देखने को मिलेंगे। एक ओर नाओमिका सरन का किरदार होगा और दूसरी ओर प्रगति श्रीवास्तव का। ऐसे में फिल्म की कहानी को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है।

सूत्र ने बताया कि फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है। केवल कुछ दिनों का काम बाकी है। इसके बाद निर्माण कार्य और अन्य तैयारियां पूरी की जाएंगी। माना जा रहा है कि फिल्म को साल 2026 के आखिर तक सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। प्रगति श्रीवास्तव की बात करें तो इससे पहले उन्होंने साउथ फिल्मों में काम किया है और धीरे-धीरे हिंदी फिल्म जगत में भी अपनी पहचान बना रही हैं। वह पहले प्रकाश झा की जनादेश और आनंद एल राय की नखरेवाली में काम कर चुकी हैं। अब इस नई फिल्म के जरिए वह बड़े स्तर पर दर्शकों के सामने आएंगी। दूसरी ओर, नाओमिका सरन भी लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। वह हिंदी फिल्म जगत के बेहद चर्चित परिवार से ताल्लुक रखती हैं। नाओमिका, हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार माने जाने वाले राजेश खन्ना और मशहूर अभिनेत्री डिपंल कपाडिया की नातिन हैं। उनकी मां रिंकी खन्ना भी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। ऐसे में नाओमिका की फिल्मी शुरुआत को लेकर पहले से ही काफी चर्चा बनी हुई है। वहीं वेदांग रैना भी अपने करियर के महत्वपूर्ण दौर में हैं। उनकी एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म मैं वारस आऊंगा जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ शरवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और दिलजीत दोसांझ जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे।

## श्रीनिवास मंगपुरम में अभिनेता मोहन बाबू का फर्स्ट लुक जारी

डायरेक्टर अजय भूपति की नई फ़िल्म, श्रीनिवास मंगपुरम, अपने फ़र्स्ट लुक पोस्टर्स की वजह से काफ़ी चर्चा में है। इस फ़िल्म से सुपरस्टार कृष्णा के पोते और महेश बाबू के भतीजे, जया कृष्णा घटामनेनी डेब्यू कर रहे हैं। उनके साथ रवीना टंडन की बेटी, राशा थडानी भी तेलुगू फ़िल्मों में अपना डेब्यू कर रही हैं। फ़िल्म बनाने वालों ने अब मोहन बाबू का एक ज़बरदस्त फ़र्स्ट लुक जारी किया है, जिसमें वे वेंकटप्पय्या नायडू के किरदार में नज़र आ रहे हैं। वे एक गाँव के ताक़तवर मुखिया बने हैं। उनके सफ़ेद-काले बाल, घनी मूँछें और सादा सफ़ेद कुर्ता-धोती वाला पहनावा उनकी ज़बरदस्त धाक को दिखाता है; वहीं, उनके ठंडे और सख़्त हाव-भाव से लगता है कि उनके अंदर कहीं कोई दबी हुई

# टीवी इंडस्ट्री में सफलता रातोंरात नहीं मिलती, धैर्य और लगातार मेहनत ही असली चाबी है : अद्रिजा रॉय

टीवी इंडस्ट्री की चमक-दमक के पीछे की सच्चाई को लेकर अभिनेत्री अद्रिजा रॉय ने अपने विचार रखे। अद्रिजा रॉय ने कहा, टीवी इंडस्ट्री में काम की गति बहुत तेज होती है। कई बार ऐसा होता है कि आज किसी एपिसोड की शूटिंग होती है और वह अगले ही दिन या बहुत कम समय में टीवी पर प्रसारित हो जाता है। इस तेज रफ्तार में कलाकारों को हर समय तैयार रहना पड़ता है और अपने किरदार को पूरी एनर्जी के साथ निभाना होता है। हर कॉल टाइम पर, हर शूटिंग शेड्यूल में बहुत बड़ी प्रोडक्शन टीम काम करती है, और कलाकार को इन सबके बीच संतुलन बनाए रखना होता है। ऐसे माहौल में शांत और फोकस्ड रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में किया गया काम कई बार असर को कम कर सकता है। उन्होंने कहा, टीवी इंडस्ट्री में सफलता तुरंत नहीं मिलती। कई लोग सोचते हैं कि एक अच्छा सीन या एक अच्छा प्रदर्शन उन्हें रातोंरात पहचान दिला देगा, लेकिन वास्तविकता अलग है। टीवी में नाम कमाने के लिए लगातार समय देना पड़ता है। एक-दो अच्छे सीन से लोकप्रियता मिल सकती है, लेकिन स्थायी सफलता की चाबी को लगातार मेहनत और धैर्य ही है।



सोशल मीडिया पर भले ही कोई कलाकार जल्दी वायरल हो जाए, लेकिन टीवी इंडस्ट्री में पहचान धीरे-धीरे बनती है और समय के साथ मजबूत होती है।

अद्रिजा रॉय ने लोकप्रियता और सफलता के बीच फर्क को समझाते हुए, कहा, लोकप्रियता अक्सर अस्थायी होती है, जो किसी वायरल सीन, चर्चा या सोशल मीडिया ट्रेंड से जल्दी मिल सकती है। यह लंबे समय तक नहीं टिकती। दूसरी ओर सफलता एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें लगातार काम करना, अपने अभिनय को बेहतर बनाना और हर किरदार में सुधार लाना जरूरी होता है। जो लोग इस इंडस्ट्री में स्थायी रूप से सफल होना चाहते हैं, उन्हें समझना होगा कि सिर्फ चर्चा में रहना काफी नहीं है, बल्कि अपने काम में निरंतरता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा, धैर्य मेरे लिए एक सोचने का तरीका बन गया है।

## स्पिंज़ ने मध्य प्रदेश में लॉन्च किया नया रू.10 डी-टैन फेस पैक, अब सिर्फ 15 मिनट में पाएँ टैन-फ्री और दमकती त्वचा

मध्य प्रदेश- केविनकेयर के लोकप्रिय स्किनकेयर ब्रांड स्पिंज़ ने मध्य प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए अपना नया स्पिंज़ डी-टैन फेस पैक पेश किया है। यह आसान और प्रभावी फेस पैक केवल 15 मिनट में त्वचा से टैन हटाकर उसे सैलून जैसी चमक देने का दावा करता है। इस लॉन्च के साथ स्पिंज़ ने अपनी स्किनकेयर श्रृंखला को और मजबूत किया है, जिसे पहले से ही स्पिंज़ बीबी क्रीम और भारत के पहले बीबी फेस पाउडर जैसी नवाचारपूर्ण पेशकशों के लिए उपभोक्ताओं का भरपूर प्यार मिला है। गर्मियों के मौसम और बढ़ती धूप के कारण त्वचा पर टैनिंग एक आम समस्या बन चुकी है, जिससे चेहरा बेजान और बेरंग दिखाई देने लगता है। ऐसे में स्पिंज़ का नया डी -टैन फेस पैक त्वचा की प्राकृतिक चमक को सिर्फ 15 मिनट में लाने में मदद करता है। खास बात यह है कि यह फेस -पैक केवल ?10 की किफायती कीमत पर उपलब्ध है, जिससे बेहतर स्किनकेयर अब हर उपभोक्ता की पहुँच में है। स्पिंज़ डी-टैन फेस पैक में नो-ब्लीच फॉर्मूला का उपयोग किया गया है, जो त्वचा को बिना किसी कठोर प्रभाव के साफ और निखरा हुआ बनाता है। इसमें बेसन, शहद और कोजिक जैसे प्रभावी तत्व शामिल हैं। बेसन त्वचा की गहराई से सफाई कर अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाने में मदद करता है, शहद त्वचा को नमी और पोषण प्रदान करता है, जबकि कोजिक त्वचा की रंगत को बेहतर बनाने और पिगमेंटेशन को कम करने में सहायक होता है। इन तीनों का संयोजन त्वचा को टैन से मुक्त कर प्राकृतिक चमक और 100त्न गारंटीड सैलून जैसा निखार प्रदान करता है यह फेस पैक डर्मटोलॉजिकली टेस्टेड है और नियमित साप्ताहिक उपयोग के लिए उपयुक्त है। इस अवसर पर केविनकेयर-पर्सनल केयर - बिज़नेस हेड श्री रजत नंदा ने कहा, स्पिंज़ हमेशा से उपभोक्ताओं को ग्लोइंग स्किन देने के अपने वादे पर कायम रहा है।

## मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड ने क्यूआईपी के माध्यम से जुटाए 150 करोड़ रुपये,एफपीआई और एआईएफ बने आवंटी

जयपुर। आभूषण उद्योग की अग्रणी और तेजी से उभरती कंपनी मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड (BSE: zyy®zx, NSE: MOTI-SONS) ने 11 जून 2026 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के तहत 150 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 13,57,46,600 इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी। इन शेयरों का इश्यू प्राइस 11.05 रुपये प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया।

कंपनी ने यह शेयर पात्र क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स को आवंटित किए हैं। आवंटियों में प्रमुख विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पाइन ओक ग्लोबल फंड, मिंट फोकस्ड ग्रोथ फंड पीसीसी-सेल 1, सेंट क्या कैपिटल फंड और नोवा ग्लोबल अपॉर्च्युनिटीज फंड़ पीसीसी-टचस्टोन शामिल हैं। इसके अलावा कॉम्पैक्ट स्ट्रक्चर फंड तथा टाइगर स्ट्रेटेजीज फंड-1 जैसे वैकल्पिक निवेश फंड को भी शेयर आवंटित किए गए हैं।

इससे पहले कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम घोषित किए थे। वित्त वर्ष 2025-26 (स्न्ङ्क26) में कंपनी का कुल राजस्व 49,583.69 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.12 प्रतिशत अधिक है। वहीं कंपनी का कर पश्चात लाभ बढ़कर 6,370.77 लाख रुपये पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 4,317.11 लाख रुपये की तुलना में 47.57 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। कंपनी का प्रति शेयर आय 0.65 रुपये दर्ज किया गया।

मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड पिछले दो दशकों से अधिक समय से ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। कंपनी सोने, हीरे, कुंदन तथा अन्य बहुमूल्य एवं अर्द्ध-बहुमूल्य रत्नों से निर्मित आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराती है। इसके अतिरिक्त कंपनी मोती, चांदी, प्लेटिनम और अन्य धातुओं से बने उत्पादों के साथ-साथ सोने-चांदी के सिक्के, बर्तन और विभिन्न सजावटी वस्तुएं भी ग्राहकों को प्रदान करती है।

लगभग 25 वर्षों के सफल अनुभव के साथ मोतीसंस ज्वैलर्स ने अपने ब्रांड 'मोतीसंस' को देशभर में एक विश्वसनीय पहचान दिलाई है। कंपनी की उत्पाद श्रृंखला में एंटीक फिनिश, मोती, कुंदन और डायमंड ज्वैलरी के आकर्षक संग्रह शामिल हैं। कंपनी की सबसे बड़ी विशेषता इसके अनुभवी डिजाइनरों की टीम है, जो ग्राहकों की बदलती पसंद और आधुनिक ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए लगातार नए और विशिष्ट डिजाइन विकसित करती रहती है।

कंपनी के पास वर्तमान में 3 लाख से अधिक डिजाइनों का विशाल पोर्टफोलियो है, जो विभिन्न बजट और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है। इसके उत्पाद विवाह समारोह, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत अवसरों, फैशन इवेंट्स, त्योहारों, दैनिक उपयोग तथा बच्चों और पुरुषों के लिए विशेष कलेक्शन जैसी विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाते हैं।

# रोजाना कहीं आने-जाने के दौरान त्वचा को प्रदूषण और टैन से बचाने के लिए असरदार तरीके

रोजाना कहीं भी आते-जाते हुए प्रदूषण और सूरज की किरणों का सामना करना पड़ता है, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। प्रदूषण के कण और सूरज की किरणें त्वचा की चमक को कम कर सकती हैं और टैनिंग का कारण बन सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा को इन समस्याओं से बचा सकते हैं और त्वचा की देखभाल सही तरीके से कर सकते हैं।

धूप से बचने के लिए सनस्क्रीन लगाएं

घर से कहीं भी बाहर जाते समय हमेशा एक अच्छी गुणवत्ता वाली धूप से बचाने वाली क्रीम लगाएं, जिसे सनस्क्रीन कहा जाता है। यह आपको सूरज की किरणों से बचाएगी और टैनिंग को रोकने में मदद करेगी। इस क्रीम को हर 2-3 घंटे में फिर से लगाएं, खासकर अगर आप लंबे समय तक बाहर रह रहे हैं। ध्यान दें कि क्रीम में सूरज से बचाने की अच्छी क्षमता हो, ताकि यह दिनभर प्रभावी रहे।

चेहरे को कपड़े से ढकें

अगर संभव हो तो अपने चेहरे को एक स्कार्फ या टोपी से ढकें। यह न केवल धूप से, बल्कि प्रदूषण से भी बचाव करेगा। अगर आप सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हैं तो चेहरे पर कपड़ा या मास्क भी पहन सकते हैं, जो आपके चेहरे को ढकता है और धूल-मिट्टी को रोकता है। इसके अलावा अगर आप बाइक चलाते हैं तो हेलमेट का उपयोग करें, जिससे आपका चेहरा सुरक्षित रहेगा और प्रदूषण का असर कम होगा।



त्वचा को नमी दें

प्रदूषण आपकी त्वचा को सूखा और बेजान बना सकता है, इसलिए कहीं भी जाने से पहले एक अच्छा मॉइस्चराइजर लगाएं। यह आपकी त्वचा को नमी देगा और उसे मुलायम बनाएगा। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो हल्का जेल बेस्ड मॉइस्चराइजर चुनें, जबकि सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम बेस्ड मॉइस्चराइजर बेहतर रहेगा। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहेगी, जिससे आप हर समय ताजा महसूस करेंगे।


हल्का मेकअप करें

अगर आप रोजाना कहीं भी जाएं तो भारी मेकअप करने से बचें, क्योंकि यह प्रदूषण के संपर्क में आने पर आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। हल्का और प्राकृतिक मेकअप ही करें, जैसे कि हल्की क्रीम, काजल और लिप बाम। इससे आपकी त्वचा को हवा लगने का मौका मिलेगा और वह स्वस्थ रहेगी। इसके अलावा मेकअप के उत्पादों में एसपीएफ़ हो तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि वे भी आपकी धूप से सुरक्षा कर सकेंगे।।

रोजाना सुबह और रात को अपने चेहरे को साफ करें, ताकि सारी गंदगी और प्रदूषण के कण हट जाएं। हफ्ते में 2 बार हल्का स्क्रब करें, ताकि मृत त्वचा हट जाए और त्वचा ताजगी महसूस करे। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपनी त्वचा को प्रदूषण और टैनिंग से बचा सकते हैं और उसे स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। इससे त्वचा में एक अंदरूनी निखार आएगा और कभी भी चेहरा डल नहीं दिखेगा।

# छोटी आंखों को बड़ा दिखाने के लिए अपनाएं ये 5 मेकअप के सुझाव, लगेंगी खूबसूरत

आंखों का आकार हमारे चेहरे की सुंदरता में अहम भूमिका निभाता है। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो मेकअप की मदद से आप उन्हें बड़ा और आकर्षक दिखा सकती हैं। सही तकनीकों और उत्पादों का इस्तेमाल करके आप अपनी आंखों को बड़ा और चमकदार बना सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी मेकअप टिप्स बताएंगे, जिनसे आप अपनी छोटी आंखों को भी बड़ा दिखा सकती हैं।



आंखों के नीचे हल्का कंसीलर लगाएं

आंखों के नीचे हल्का कंसीलर लगाने से आपकी आंखें खुली हुई दिखेंगी। यह तरीका आपकी आंखों को थका हुआ दिखने से बचाता है और उन्हें ताजा बनाता है। कंसीलर को हल्के हाथों से फैला लें, ताकि यह अच्छी तरह से मिल जाए। इससे आपकी आंखें बड़ी और चमकदार दिखेंगी, जिससे आपका पूरा चेहरा निखरा हुआ लगेगा। यह एक सरल तरीका है, जिससे आप अपने लुक को खास बना सकती हैं।

सफेद या हल्का नीला आई लाइनर लगाएं

आंखों के अंदरूनी किनारों पर सफेद या हल्का नीला आई लाइनर लगाने से आपकी आंखें बड़ी दिखती हैं। यह तरीका आपकी आंखों को खुला हुआ और चमकदार बनाता है। सफेद या हल्का नीला रंग आंखों को उज्जवल दिखाता है, जिससे वे बड़ी और आकर्षक लगती हैं। इस तरह का लाइनर आपके लुक को खास बनाता है और आपकी आंखों की सुंदरता को उभारता है। इसे अपनाकर आप अपने मेकअप को और भी प्रभावी बना सकती हैं।

लैशेस कर्ल करें और काजल लगाएं लैशेस को कर्ल करना और काजल लगाना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह आपकी आंखों को बड़ा दिखाने में मदद करता है। घुमावदार उपकरण की मदद से आपकी लैशेस ऊपर की ओर मुड़ जाती हैं, जिससे आपकी आंखें खुली और बड़ी दिखती हैं। इसके बाद काजल लगाने से आपकी लैशेस घनी और लंबी लगती हैं। यह तरीका आपके लुक को और भी खास बनाता है और आपकी आंखों की सुंदरता को उभारता है।आंखों के ऊपर हल्का भूरा रंग लगाएं

आंखों के ऊपर हल्का भूरा रंग लगाने से आपकी आंखें गहरी दिखती हैं, जिससे वे बड़ी लगती हैं। भूरे रंग के आई शैडो को हल्के हाथों से आंखों के ऊपर लगाने से गहरापन आता है। यह तरीका आंखों को आकर्षक बनाता है और उन्हें निखारता है। इससे आपकी आंखें बड़ी और चमकदार दिखती हैं, जिससे आपका पूरा चेहरा निखरा हुआ लगता है। इस तरह का रंग आपके लुक को खास बनाता है और आपकी आंखों की सुंदरता को उभारता है।

भौंहों को साफ-सुथरा रखें- भौंहों का सही आकार आपकी आंखों को बड़ा दिखाने में अहम भूमिका निभाता है। अगर आपकी भौंहें बिखरी हुई हों तो वे आपकी आंखों की सुंदरता को कम कर सकती हैं। इसलिए, नियमित रूप से अपने भौंहों की सफाई करें और उन्हें सही आकार दें। इन सरल, लेकिन प्रभावी तरीकों को अपनाकर आप अपनी छोटी आंखों को भी बड़ा दिखा सकती हैं और अपने लुक को खास बना सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -071


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 070 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| बा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी माढोताल वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि आईटीआई के पास बिजली खम्बे के नीचे टपरे के सामने ताश पत्तो पर रूपयों की हारजीत का दांव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जहॉं कुछ जुआडियान जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकडा पूछताछ पर सभी ने अपने नाम बंसत विश्वकर्मा निवासी आकाश विहार माढोताल , इरफान पठान निवासी शारदा मंदिर नई बस्ती माढोताल, अजय विश्वकर्मा निवासी शारदा मंदिर माढोताल,



शहर के देवतुल्य नागरिकों को बड़ी सौगात, 5 करोड़ की लागत से चमकेगी शहर की 47 सड़कें, नगर निगम ने शुरू कराया डामलीकरण कार्य

# उच्चगुणवत्ता और समय सीमा में पूरे होगें सड़कों के निर्माण कार्य - महापौर "अन्नू"

## सभी संबंधित तकनीकी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर कराएँगे सड़कों के निर्माण कार्य - निगमाध्यक्ष

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के विकास और बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम द्वारा 5 करोड़ रुपये की लागत से शहर की 47 प्रमुख सड़कों के डामलीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से शहर के देवतुल्य नागरिकों को बड़ी सौगात के साथ गड्ढों से मुक्ति मिलेगी और यातायात सुगम व सुरक्षित हो सकेगा।

गुणवत्ता और समय-सीमा से कोई समझौता नहीं - महापौर

सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने मालवीय चैक से लार्डगंज थाना सुपर मार्केट तक चल रहे डामलीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ और तय



समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं ताकि देवतुल्य नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। अधिकारियों को फील्ड पर रहने के निर्देश

निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने भी विकास कार्यों में पारदर्शिता और मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान सभी संबंधित तकनीकी अधिकारी मौके पर ही उपस्थित रहेंगे। अधिकारियों की सीधी निगरानी में काम होने से सड़कों की लाइफलाइन लंबी होगी।

व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने नगर निगम की इस त्वरित पहल का स्वागत किया है। मालवीय चैक और सुपर मार्केट जैसे व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में सड़क सुधरने से न केवल ग्राहकों को आने-जाने में आसानी होगी। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री अन्नू और निगम की टीम के साथ निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, श्रीमती रजनी कैलास साहू, पूर्व पार्षद अमित जैन, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक यंत्री वीरेन्द्र पाण्डेय, उपयंत्री निपुण रंगडाले, सहित गंजीपुरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप जैन, ऋषि अग्रवाल, बिट्टू शर्मा, पिंटू पाठक, दीपांशु संजय सोनी, ऋषभ यादव, प्रवीण सोनी और किशोर जैसे प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे।

# भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से 877 हितग्राही हुए सीधे लाभान्वित

सभी 16 संभागों में लगे विशेष शिविर, एक ही छत के नीचे हितग्राहियों को सभी योजनाओं के मिले लाभ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नागरिकों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर के सभी 16 संभागों में विशेष जनकल्याण शिविरों का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया, जिसका लाभ उठाते हुए आज 18 जून 2026 को 877 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। निगम के इस प्रयास की सराहना करते हुए शहर के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने शिविरों का दौरा किया और हितग्राहियों को सीधे लाभ सौंपे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सक्रियता से बढ़ा उत्साह इन शिविरों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नागरिकों की समस्याओं के ऑन-द-स्पॉट निराकरण के लिए नगर निगम की पूरी टीम पूरी मुस्तैदी से जुटी रही। शिविरों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सांसद आशीष दुबे, कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दू, उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हितग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। शिविरों में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी और छोटे दुकानदारों को व्यवसाय के लिए आसान ऋण हेतु ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व राष्ट्रीय परिवार सहायता के अंतर्गत पात्र वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगों के नए आवेदन स्वीकार करने के साथ ही लंबित प्रकरणों का तुरंत निपटारा।

मुख्यमंत्री संबल योजना एवं कर्मकार मंडल के अंतर्गत श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए मौके पर ही पंजीयन की सुविधा। नई पात्रता पर्ची जारी करने और त्रुटि सुधार के आवेदनों का त्वरित निराकरण। समग्र ई-केवाईसी और आवश्यक पहचान दस्तावेजों का मौके पर ही त्वरित अपडेशन का लाभ हितग्राहियों को दिया गया।

## पाथेय संगीत की फिल्मी गीत निशा आज

जबलपुर। पाथेय संगीत संस्था के तत्वावधान में सदाबहार नगमों की एक सुनहरी शाम %पाथेय संगीत% का आयोजन 19 जून, 2026 को शाम 7 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, में आयोजित है।

समारोह के संयोजक डॉ.कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि समारोह में नए एवं पुराने सदाबहार गीतों को प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन में मार्गदर्शन राजेश पाठक प्रवीण का है। प्रतिष्ठित उद्घोषिका डॉ.मंजू गोरे संचालन करेंगी। इस भव्य समारोह के संगीत संयोजक अनिकेत मनोज देवक हैं।गायक कलाकार

पल्लवी फाटक,मयंक विश्वकर्मा,दीप्ति रॉय, किरण कोपरिहा,मीनाक्षी शर्मा,अवनि विश्वकर्मा,नेहा खरे,अंजन दासगुप्ता,अतुल तिवारी, शिवकुमार गिरी,डॉ. अनिल बाजपेई एवं डॉ. कृष्णकुमार दुबे फिल्मी गीतों की रस वर्षा करेंगे।

## कृपांक गुप्ता ने सीए की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की



जबलपुर। अखिल भारतीय स्तर की चार्टेड एकाउंटेंट की परीक्षा में रांझी निवासी नरेश गुप्ता के पुत्र कृपांक गुप्ता का प्रथम प्रयास में ही चयन हो गया है।

कृपांक गुप्ता ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से परीक्षा पास कर शहर का नाम रोशन किया है। कृपांक ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में से एक, चार्टर्ड अकाउंटेंट (ष्ट) की परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में सफलतापूर्वक पास कर लिया है। पहले ही प्रयास में मिली इस बड़ी सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने गुप्ता परिवार के निवास पर पहुँचकर कृपांक को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राहुल गांधी के जन्म दिवस पर नर्मदा तट पर वृक्षा रोपड़ किया जाएगा

जबलपुर । देश आने वाले दिनों के भावी प्रधानमंत्री कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी के जन्म दिन के अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से जिलहरी घाट नर्मदा तट पर आज सुबह 8.30 बजे फलदार वृक्ष लगाये जायेंगे । इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी पंडित विवेक अवस्थी, सरमन रजक, एडवोकेट सुधीर शर्मा, स्वेता सैम्युल, कमला प्रसाद पटेल, राजेश सोनकर , एडवोकेट अनुराग सिंह ठाकुर, आलोक गुप्ता, अनिल पांडे ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

## मुहर्रम पर सजावट, लंगर और ज़िक्रि-ए-शहादतैन जारी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हज़रत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सजावट की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। मुहर्रम के मौके पर इमामबाड़ों में अकीदतमंदों की तादाद लगातार बढ़ रही है और अकीदतमंद बड़ी संख्या में ज़ियारत के लिए पहुंच रहे हैं।

मुहर्रम के दौरान रोशनी और सजावट की परंपरा को कायम रखते हुए नालबंद मोहल्ला, चार खंभा, मोतीनाला, बहोराबाग, मदार टेकरी, अज़ीज़गंज, ठक्कर ग्राम, भानतलैया, फूटाताल, गलगला, गुरंदी, हनुमानताल, कोतवाली, ओमती घंटाघर, तैयब अली चौक, नया मोहल्ला, सदर बाज़ार तथा गढ़ा की मुस्लिम बस्तियों में आकर्षक सजावट की तैयारियां ज़ोरों पर हैं।

गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर स्थित डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी के इमामबाड़े में रखी जाने वाली ऐतिहासिक सवारी इस वर्ष अपने 164वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस अवसर पर रात्रि 10 बजे विशेष जलसे का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मरहूम सरदार अली कादरी (पत्रकार) द्वारा वर्ष 2012 में सवारी के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया जलसा अब एक परंपरा का रूप ले चुका है।

वहीं मौलाना की गली स्थित इमामबाड़े में अंजुमन खादिमान अहले बैत कमेटी के तत्वावधान में दस दिवसीय ज़िक्रि-ए-शहादतैन का सिलसिला प्रतिदिन जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हो रहे हैं। मुहर्रम की पहली तारीख पर गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर में सूफ़ी मुबारक कादरी और वारिस कादरी के संयोजन में लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की।

सदर छावनी क्षेत्र में मुहर्रम के सिलसिले में सदर बाज़ार स्थित जामा मस्जिद में नूर-ए-इलाही कमेटी की जानिब से कुरानख़ानी एवं लंगर का एहतेमाम किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

इसी क्रम में गत रात्रि बूचडी पुराना तकिया स्तिथ पहलवान बाबा साहब की दरगाह पर फ़ातिहा का आयोजन किया गया। फ़ातिहा के बाद अकीदतमंदों के बीच छबील और तबर्रुक तक़सीम किया गया। इस अवसर पर मुल्क की अमन, तरक़्क़ी और खुशहाली के लिए विशेष दुआएँ भी की गईं।

## मोहर्रम तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल की निगम आयुक्त से मुलाकात, समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मोहर्रम पर्व को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने गुरुवार को नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न वार्डों में पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी और कांग्रेस पार्षद दल के सचेतक अयोध्या तिवारी ने आयुक्त को अवगत कराया कि मोहर्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ताजिया जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हैं। ऐसे में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पर्याप्त



नागरिक सुविधाओं का उपलब्ध होना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कई इलाकों में सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है तथा पेयजल और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याएं भी बनी हुई हैं,

जिनका शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में बुलाया और विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मोहर्रम पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नागरिकों को न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

बैठक में साफ-सफाई व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत करने, प्रमुख मार्गों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने, पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने तथा जुलूस मार्गों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवार निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

कांग्रेस पार्षद दल ने कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी है कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

नगर निगम आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मोहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएंगी तथा संबंधित विभागों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए निगम प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा उप नेता प्रतिपक्ष शुभुक्त गुड्डू नवी पार्षद , मुकीमा याकूब अंसारी, वकील अंसारी कलीम खान पार्षद गुलामहुसैन पार्षद प्रमोद पटेल आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ




जबलपुर। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश ओलंपिक संघए खेल एवं युवा कल्याण विभागए शालेय शिक्षा विभाग और क्रीड़ा भारती महानगर तथा जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आजए 18 जून को श्री त्रिभुवनदास मालपाणी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलौनीगंज में भव्य शुभारंभ हुआ। विगत एक माह से चल रहे ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आयोजित इस स्पर्धा के पहले दिन खिलाड़ियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राजकुमार मिश्रा ;प्राचार्यद्ध तथा विशिष्ट अतिथि श्री सत्येंद्र गुरु द्वारा किया गया।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री राजकुमार मिश्रा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैंए बल्कि जीवन में अनुशासन और एकाग्रता भी सिखाते हैं। जूडो जैसे आत्मरक्षा के खेल आज के समय की बड़ी आवश्यकता हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री सत्येंद्र गुरु ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि जबलपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैए बस उन्हें सही मंच की जरूरत है।

जिला जूडो संघ के सचिव एवं वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में इस बार शिविर के दौरान श्आरोह.2026श् कैलेंडर का विशेष पालन किया गया। इसके अंतर्गत खिलाड़ियों को सिर्फ मैट पर तकनीकी दांव.पेंच ही नहीं सिखाए गए

# समान नागरिक संहिता का उद्देश्य-सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार उपलब्ध कराना है, धार्मिक मान्यताओं से छेड़छाड़ नहीं.

उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक संपन्न.-समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों ने दिये सुझाव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) ।समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक गुरुवार को भंवरताल गार्डन स्थित संस्कृति थिएटर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के प्रमुख सदस्य श्री शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि देश में वर्तमान में दो दर्जन से अधिक ऐसे कानून हैं, जिनमें एक ही प्रकार के मामलों में अलग-अलग प्रावधान लागू होते हैं। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार उपलब्ध कराना है, न कि किसी धर्म या धार्मिक मान्यता में हस्तक्षेप करना।

श्री सिंह ने कहा कि समिति समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में जनता के विचार जानने के लिए विभिन्न स्थानों पर संवाद कर रही है। उन्होंने कहा कि यूसीसी का संबंध परिवार से जुड़े कानूनों, जैसे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, विरासत और पारिवारिक अधिकारों से है। वर्तमान में देश में अधिकांश कानून सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होते हैं, लेकिन पारिवारिक मामलों में अलग-अलग धर्मों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू हैं। इसी कारण समान परिस्थितियों में अलग-अलग लोगों को अलग-अलग कानूनी अधिकार प्राप्त होते हैं। श्री सिंह ने कहा कि भारत की सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराएं अत्यंत प्राचीन हैं। समय के साथ विभिन्न धर्मों और संप्रदायों के अपने-अपने पारिवारिक कानून विकसित हुए। यहां तक कि एक ही धर्म के भीतर भी अलग-अलग परंपराओं और मान्यताओं के आधार पर कानूनों में भिन्नता देखने को मिलती है। उन्?होंने कहा कि लंबे समय तक समाज पुरुष प्रधान रहा है, जिसके कारण अधिकांश पारंपरिक कानूनों में पुरुषों को महिलाओं की अपेक्षा अधिक अधिकार प्राप्त हुए। हालांकि समय के साथ सामाजिक परिस्थितियां बदली हैं और महिलाओं के अधिकारों तथा समानता के प्रश्न को अधिक महत्व मिला है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में यह विचार करना आवश्यक है कि क्या पुराने सामाजिक ढांचों पर आधारित व्यवस्थाओं को यथावत रखा जाए या उन्हें वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाए। श्री सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता का इतिहास काफी पुराना है। आजादी से पहले ही इसका प्रारूप तैयार कर लिया गया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका। अपने संबोधन में उन्होंने संविधान सभा की चर्चाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के दौरान समान नागरिक संहिता पर व्यापक बहस हुई थी। एक पक्ष का मानना था कि व्यक्तिगत कानून धार्मिक आस्था और परंपराओं से जुड़े हैं, इसलिए उनमें हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। वहीं दूसरे पक्ष का मत था कि सामाजिक सुधार, समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानूनों में समय-समय पर बदलाव आवश्यक हैं। समिति के सदस्?य श्री सिंह ने कहा कि संविधान सभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी और अन्य कई सदस्यों ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में अपने विचार रखे थे। उनका मानना था कि सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने चाहिए और कानूनों में एकरूपता राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक समरसता को मजबूत कर सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि अनेक देशों ने समय के साथ अपने पारिवारिक कानूनों में सुधार किए हैं और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप उन्हें आधुनिक बनाया है। श्री सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर आज भी वही तर्क सामने आते हैं जो संविधान सभा की बहसों के दौरान रखे गए थे। कुछ लोग इसे धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़कर देखते हैं, जबकि अन्य इसे समान अधिकार और सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य किसी पर कोई विचार थोपना नहीं है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों की राय जानना और उसे अपनी रिपोर्ट में शामिल करना है। सदस्य श्री सिंह ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए पूछा कि क्या यूसीसी लागू होने से किसी के मौलिक अधिकारों का हनन होगा। उन्होंने विवाह, विवाह विच्छेद और निकट संबंधियों में विवाह जैसे विषयों पर सभी धर्मों के लिए समान कानून बनाए जाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपने सुझाव रखे। विधायक श्री अशोक रोहाणी ने कहा कि देश में युवाओं की आबादी 60 प्रतिशत है, समिति को सोशल मीडिया के माध्?यम से भी समान नागरिक संहिता के संबंध में युवाओं से मत प्राप्?त करना चाहिए। विधायक श्री नीरज सिंह ने कहा कि वर्तमान में लिव-इन रिलेशनशिप का चलन बढ़ रहा है और संबंध टूटने की स्थिति में महिलाओं को कानूनी अधिकार नहीं मिल पाते। ऐसे मामलों में महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विधायक डॉ अभिलाष पांडेय ने कहा कि विवाह की न्यूनतम आयु तो निर्धारित कर दी गई है, लेकिन ऑटिज्म जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में विवाह की उपयुक्त आयु और किन परिस्थितियों में विवाह नहीं होना चाहिए, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया ने कहा कि विवाह की उम्र 18 की जगह 21 होना चाहिए, क्योंकि 18 तक बेटियां 12वी तक ही पढ़ पाती हैं, विवाह की उम्र बढ़ने से उनकी कॉलेज तक की पढ़ाई पूरी हो सकेगी। ऐसे ही लड़कों की उम्र 24 तक की जा सकती हैं, ताकि? वे पढ़ लिखकर अपनी आजीविका का साधन बना सके। भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन ने बेटियों की विवाह योग्य आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने का सुझाव दिया। नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकूज विज ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आजादी के बाद देश की जनसंख्या संरचना में बदलाव आया है और इस विषय पर व्यापक दृष्टिकोण के साथ विचार किए जाने की आवश्यकता है।

